




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25








वर्ष- 15 अंक - 221 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 25 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### ओवररेट में शराब की बिक्री सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समेन ब्लैकलिस्टेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ओवर रेट पर शराब बिक्री की शिकायत पर आबकारी विभाग ने एक्शन लिया है। रायपुर में सरकारी शराब की दुकान से शराब बाहर लाकर ओवर रेट में शराब बेचने के आरोप में ठेका सुपरवाइजर गोविंद समेत तीन सेल्समैन को ब्लैक लिस्टेड किया गया। बताया जा रहा है कि शराब की दुकान का सुपरवाइजर गोविंद अपने कोचियों से अवैध रूप से शराब बिकवाता था।


दरअसल शराब की दुकान के बाहर ओवर रेट में शराब बेचे जाने का वीडियो वायरल हुआ था। शराब भट्टी के बाहर अवैध रूप से शराब बेचने का वायरल वीडियो सामने आने के बाद आबकारी विभाग कार्रवाई की। आबकारी विभाग ने सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समेन को ब्लैक लिस्ट कर दिया। दो दिन पहले बादल नामक कोचिये को रात में आबकारी दस्ते ने भट्टी के बाहर शराब बेचते हुए रंगें हाथ गिरफ्तार किया था। पूर्व में आबकारी विभाग ने गजानंद समेत 2 शराब कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### उधार देकर बैंक अकाउंट खुलवाया, फिर सट्टेबाजी के ट्रांजैक्शन करवाए

**रायपुर।** रायपुर में सटोरिए और सूदखोरों ने मजबूरी का फायदा उठाकर शख्स को उधार में पैसे दिए। बदले में उसके डॉक्यूमेंट लेकर बिना बताए उसका बैंक अकाउंट खुलवा दिया, फिर उसके खाते से सट्टेबाजी के ट्रांजैक्शन करने लगे। व्यक्ति को ये बात पता लगते ही थाने जाकर FIR दर्ज करवाई। पुलिस ने 3 आरोपियों अरेस्ट किया है। शत्रुघ्न लाल जायसवाल ने न्यू राजेन्द्र नगर थाने में FIR दर्ज करवाई कि वह हर्ष रेजिडेंसी देवपुरी में रहता है। 3 साल पहले उसकी एक मकान को बेचने के सिलसिले में निखिल आहूजा नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई थी, जिसके बाद उसे एक दो-बार पैसे की जरूरत पड़ी। उसने निखिल से उधारी में पैसे लेकर उसे वापस लौटा दिया। शत्रुघ्न लाल को 3 महीने पहले पैसों की फिर एक बार जरूरत आई। उसने निखिल से संपर्क किया, जिसके बाद निखिल ने उसे 5 हजार रुपए उधारी दे दिए।

# बेमेतरा में बारूद की फैक्ट्री में ब्लास्ट

## मलबे में दबे 10 से 12 लोग, एक की मौत



### दुर्ग और रायपुर से पहुंची रेस्क्यू टीम

हादसे की सूचना के बाद दुर्ग व रायपुर से दमकल वाहन और SDRF की रेस्क्यू टीम को घटना स्थाल पर रवाना किया गया। जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ है उसका मालिक संजय चौधरी का बताया जा रहा है जो कि एमपी का रहने वाला है। जब ब्लास्ट हुआ तो इसी भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी आवाज लगभग पांच किमी के दायरे तक सुनाई दी। ब्लास्ट में घायल 6 लोगों को राजधानी रायपुर में भर्ती कराया गया है मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका व्यक्त की गई है। ब्लास्ट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं ब्लास्ट में कितने लोगों की जान गई इसकी सही जानकारी प्रशासन द्वारा नहीं दी गई है।

श्रीकंचनपथ

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा से बड़ी खबर सामने आ रही है। शनिवार सुबह जिले में स्थित एक बारूद की फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। हादसे में अब तक 12 से ज्यादा लोगों की मौत होने की खबर है। वहीं कई घायल भी हैं। ब्लास्ट के बाद जो मलबा गिरा उसमें मजदूरों के दबे होने की बात कही जा रही है। हादसे की सूचना के बाद स्ष्ठरूसमेत प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल मौके पर प्रशासनिक अमला तैनात है। जिला कलेक्टर ने कहा है कि मलबा हटने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

मिली जानकारी के घटना बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। फैक्ट्री में आज सुबह 6 से 7 बजे के बीच अचानक ब्लास्ट हो गया जिससे गांव में हड़कंप मच गया है। हादसे के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। ब्लास्ट के बाद फैक्ट्री के आसपास लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई है। ब्लास्ट में 10-12 लोगों के मारे



जाने की बात कही जा रही है। खबर लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से एक मौत की पुष्टि की गई है। मरने वाले का नाम सेवक राम साहू (50) है। वहीं घायलों में रवि कुमार कुर्रे (26), नीरज यादव (25), चंदन कुमार (27), मनोहर यादव (26), इंद्रकुमार रघुवंशी (26), दिलीप ध्रुव(47) घायल हुए हैं। इनका इलाज रायपुर में चल रहा है।

### हादसे से ग्रामीणों में आक्रोश

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों को कहना है कि बारूद फैक्ट्री आए दिन ब्लास्ट होता रहता है। धमाके आवाजों से हमेशा गांव के लोग दहशत



में रहते हैं। शनिवार को बड़ा धमाका हो गया। धमाके के कारण आसपास काफी दहशत है। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ग्रामीणों को समझाइश दे रही है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक?त बारूद फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे। जिनमें से कई लोग घायल हैं। कुछ घायलों को रायपुर के मेकाहरा व एम्स में भर्ती कराया गया है।

### मलबा हटने के बाद स्थिति होगी साफ


बेमेतरा जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि, 6 लोग घायल हुए थे उनका इलाज चल रहा है। जितने कर्मचारी काम कर रहे थे उनको निकालने का काम पूरा हो गया है। जो ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे उन्हें भी समझाइश दी गई है। प्रशासन की टीम के साथ मेडिकल टीम भी मौजूद है। अभी मलबा हटने के बाद बाकी स्थिति 3-4 घंटे में पूरी स्थिति साफ हो पाएगी। कलेक्टर ने कहा कि, एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। मलबा हटाने का काम शुरू हो रहा है। घटना का कारण अभी नहीं पता चल पाया है यह जांच का विषय है। विस्फोटक फैक्ट्री थी केमिकल्स यहां थे ही, लेकिन किन कारणों से ब्लास्ट हुआ यह बताना अभी मुश्किल होगा। फैक्ट्री के संचालकों से भी हम बातचीत कर रहे हैं श्रमिकों की जानकारी ली जा रही है।

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- बचाव कार्य और जांच जारी है



फैक्ट्री में ब्लास्ट को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से बात कर घटना की जानकारी ली जा रही है। प्रशासन और पुलिस घटना स्थल पर है। मृतकों की संख्या पर कहा कि, ईश्वर से प्रार्थना है कम से कम जनहानि हो। फिलहाल बचाव कार्य और जांच जारी है। बचाव कार्य होने के बाद ही स्थिति क्लियर हो पाएगी।

### भूपेश बघेल ने किया ट्वीट



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बेमेतरा में बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट पर ट्वीट किया है। एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि बेमेतरा में बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट से 10-12 श्रमिकों के असामयिक निधन का दु:खद समाचार मिला। ईश्वर से मृतात्माओं को सद्गति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। सूचना है कि 3 घंटे तक बचाव दल नहीं पहुँचा है। शासन, प्रशासन बचाव कार्य सुनिश्चित करे एवं पीड़ितों को उचित मुआवज़ा दे।

### आज से नौतपा शुरू, दो दिन बाद बढ़ेगा पारा; छत्तीसगढ़ के एक-दो जगहों पर बारिश के आसार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब नौतपा का असर दिखना शुरू हो जाएगा। साल के 9 दिन सबसे गर्म होता है। 25 मई से दो जून तक नौतपा का असर देखने को मिलेगा। हालांकि इस बीच राहत की खबर है कि प्रदेश में दो दिनों तक एक-दो जगहों पर बूंदाबांदी के आसार हैं। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो-तीन डिग्री बढ़ने की संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग जिला रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी दो दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दो से तीन डिग्री अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि दक्षिण पूर्व राजस्थान के ऊपर स्थित चक्रवर्ती परिसंचरण से लेकर एक द्रोणिका मध्य प्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ तक बना हुआ है, जो कि मध्य समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में बड़ी मात्रा में नमी का आगमन हो रहा है।

समुद्र से नमी का आगमन होने से प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से कम है। यही वजह है कि आज पांचों संभागों के एक-दो जिलों में तेज हवा के साथ के हल्की मध्यम बारिश के आसार हैं। साथ ही राजधानी रायपुर में हल्की बादल छाए हुए हैं। साथ ही गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.02 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया है। रायपुर में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही सात जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा है।

## हाईकोर्ट ने सरकार और एनएच अथॉरिटी से मांगा जवाब, हादसे रोकने क्या पहल की गई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** कवर्धा में हुए सड़क हादसे पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा शपथ पत्र में बताएं राज्य सरकार सड़क हादसे रोकने के लिए क्या पहल कर रही है।

बता दें कि कवर्धा हादसे में 19 लोगों की मौत हुई थी जिस पर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की है।मामले में जनहित याचिका के रूप में शुरू की गई सुनवाई। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नेशनल हाईवे अथॉरिटी से कहा कि सड़क हादसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कितना अमल हुआ इसको लेकर रिपोर्ट पेश करें। वहीं अब इस मामले पर 26 जून को अगली सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच में सुनवाई हुई।

### एक ही गांव के रहने वाले थे सभी मृतक

सभी मृतक सेमरहा गांव के रहने वाले थे। जिस सड़क में यह हादसा हुआ था वह प्रधानमंत्री सड़क में आती है। ये कुई से होते हुए नेऊर और रुकमीदादर को जोड़ती है। इसके बाद मध्य प्रदेश शुरू हो जाता है। घटना स्थल सुदुर वनांचल और पहाड़ी क्षेत्र में आता है। यहां पर मोबाइल नेटवर्क भी काम नहीं करता।

### 20 मई को हुआ था हादसा

छत्तीसगढ़ के कवर्धा में 20 मई को भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में 18 महिलाएं और एक पुरुष थे। दरअसल यह हादसा पिकअप के पलटने की वजह से हुआ था। पिकअप में करीब 36 लोग सवार थे, ये सभी तेंदूपत्ता तोड़कर वापस लौट रहे थे। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी में हुआ था। पिकअप 30 फिट नीचे खाई में गिर गई जिसके चलते इतना बड़ा हादसा हुआ।

### हार के बाद राजस्थान के इस खिलाड़ी पर चला बीसीसीआई का चाबुक, आचार संहिता उल्लंघन के चलते मिली यह सजा

**चेन्नई (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार के बाद राजस्थान रॉयल्स का सफर आईपीएल 2024 में समाप्त हो गया। शुक्रवार को क्वालिफायर-2 में हैदराबाद ने राजस्थान को 36 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इस मैच के बाद बीसीसीआई ने राजस्थान के विस्फोटक बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर पर जुर्माना ठोका। उन पर आईपीएल की आचार संहिता उल्लंघन के चलते कार्रवाई की गई है।

मैच के बाद बीसीसीआई ने शिमरोन हेटमायर पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया। हालांकि, बोर्ड की तरफ से अब तक उनकी गलती स्पष्ट नहीं की गई है। वहीं, बीसीसीआई की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि राजस्थान के बल्लेबाज ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है।

## तपती गर्मी के बीच मतदान ने पकड़ी रफ्तार

## 2 बजे तक करीब 40 प्रतिशत वोटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। आज छठे चरण की वोटिंग हो रही है। आठ प्रदेशों में मतदान कराए जा रहे हैं। सुबह सात बजे से वोट डालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस चरण में कुल 11.13 करोड़ से अधिक मतदाता 889 उम्मीदवारों का फैसला करेंगे।

छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 58 लोकसभा सीटों पर सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हो चुकी है। पोलिंग बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें हैं। तपती गर्मी के कारण सुबह-सुबह वोट डालने की होड़ मची हुई। आज 59 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं उनमें दिल्ली की सभी 7 सीटें भी शामिल हैं। इसके अलाव, उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की 8-8 सीटों पर भी मतदान हो रहे हैं। छठे चरण में ओडिशा की 6 सीटों, झारखंड की 4 सीटों और जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस चरण में कुल 11.13 करोड़ मतदाता 889 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।



दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर शनिवार को 1.52 करोड़ से अधिक मतदाता 13637 बूथ पर अपनी पसंद का सांसद चुनने के लिए मतदान कर रहे हैं। शुक्रवार को राजधानी के अलग-अलग हिस्सों से पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हुईं। एक लाख तीन हजार से ज्यादा कर्मचारियों को मतदान कार्य में लगाया है। भीषण गर्मी चुनौती भीषण गर्मी के कारण चुनाव आयोग के सामने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ाने की भी चुनौती रहेगी। 12 मई 2019 को हुए बीते लोकसभा चुनाव में दिल्ली में 60.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। उस दिन अधिकतम पारा 39 डिग्री सेल्सियस रहा था। सीट वार बात करें तो नई दिल्ली सीट पर सबसे कम 56.87 फीसदी मतदान हुआ था।

## नक्सलवाद पर साय सरकार की ठोस पहल

श्रीकंचनपथ




नक्सलवाद को लेकर देश में कई तरह के रिवायतें (नरेटिव) हैं। नक्सलवाद को लेकर आरोप प्रत्यारोप भी खूब हुए। पर इन सबसे परे एक सत्य हमेशा से आम हिन्दुस्तानी के अंतरमन को कचोटता रहा है। नक्सल मुठभेड़ों में मरने वाले दोनों ही तरफ के लोग इसी देश के नागरिक हैं। कभी आदिवासियों की मौत होती है तो कभी जवानों की। आदिवासियों को कौन बरगला रहा है, क्यों बरगला रहा है इन सवालों का उत्तर ढूंढना मुश्किल है। पर जो तथ्य सामने हैं वो यह बताने के लिए काफी हैं कि इस संघर्ष में सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों का हो रहा है। पहले नक्सलियों ने आदिवासियों को हथियारबंद किया और जवानों पर लगातार हमले किये। चूंकि नक्सलियों के पास आदिवासियों की फौज थी इसलिए वो इस संघर्ष में ज्यादा ताकतवर नजर आते थे। उनके सैनिक न केवल जंगलों में रहने के अभ्यस्त थे बल्कि वे इन जंगलों के चप्पे-चप्पे से वाकिफ भी थे। तब छत्तीसगढ़ सरकार ने भी आदिवासी युवाओं को स्पेशल पुलिस अफसर के रूप में प्रशिक्षित करना और उन्हें हथियारबंद करना शुरू किया। सलवा-जुडूम आंदोलन भी चलाया गया। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सलवा जुडूम और एसपीओ को बैन कर दिया। संघर्ष की इस कहानी पर पूर्ण विराम लगा झीरम घाटी में ठीक 11 साल पहले 25 मई 2013 को। नक्सलियों ने घात लगाकर नेताओं के काफिले पर हमला कर दिया। इस हमले में बस्तर टाइगर के रूप में जाने जाने वाले सलवा जुडूम के नेता महेन्द्र कर्मा समित कांग्रेस के कई दिग्गज मारे गए। इस तरह के कई बड़े हमले बस्तर इलाके में हो चुके हैं। इस खूनखराबे ने न केवल आदिवासियों के जीवन को अनिश्चित कर रखा है बल्कि विकास को भी प्रभावित किया है। साय सरकार ने झीरम हमले की 11वीं बरसी पर नक्सलियों के लिए नई पुनर्वास नीति की घोषणा की है। इसकी घोषणा करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से भी सुझाव आमंत्रित किया है। बिना सामने आए अपना सुझाव देने के लिए सरकार ने ईमेल और गूगल फार्म जारी किया है। यह एक ऐसा मौका है जिसका लाभ नक्सलवाद से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े लोगों को जरूर उठाना चाहिए। अब तक नक्सलियों की तरफसे केवल उनके नेता ही बोलते थे। सरकार की इस पहल ने उनसे उनकी ताकत छीन ली है। अब एक साधारण और सामान्य नक्सली भी अपने दिल की बात सरकार के साथ साझा कर सकता है। वैसे पिछले तीन सालों में लगभग एक हजार नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पर इनमें वो लोग शामिल नहीं थे जो इस समस्या की जड़ में हैं। नई पुनर्वास योजना ऐसे हार्डकोर नक्सलियों को अलग-थलग कर देगी। उधर सुरक्षा बल भी पूरी तैयारी के साथ नक्सलियों को जड़ से उखाड़ने में जुट गए हैं। अब हार्डकोर नक्सली या तो मारे जाएंगे या फिर उन्हें हमेशा के लिए बस्तर को छोड़ कर जाना होगा।




## संपादकीय

# यात्रियों की चिंता

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के हेलीपैड पर जिस तरह से एक हेलीकॉप्टर को आपातकालीन ढंग से उतारा गया, उससे चार धाम यात्रा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे और बताया जा रहा है कि यान में तकनीकी खराबी आ गई थी। यह घटना एक संकेत है कि हम यात्रा के माध्यमों और संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपयोग करने लगे हैं। धार्मिकता के साथ पर्यटन और पर्यटन के साथ व्यावसायिकता जब जुड़ जाती है, तब इसी तरह की अति सामने आने लगती है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर के पिछले मोटर में तकनीकी समस्या आ गई थी, अगर यह तकनीकी समस्या रखरखाव के अभाव या यान के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल की वजह से सामने आई है, तो यह गंभीर मामला है। जांच चल रही है, तो सच भी सामने आना चाहिए और सबसे जरूरी है, सेवा में सुधार और लोगों को ऐसी सेवाओं की गुणवत्ता के प्रति आश्वस्त करना। बहरहाल, पायलट की तारीफकरनी चाहिए कि उसने संयम बरतते हुए हादसे को टाल दिया। देश ही नहीं, पूरी दुनिया में हिमालय की गोद में बसे चार धामों का विशेष महत्व है। यह यात्रा अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को शुरू हो चुकी है और 15 नवंबर तक चलेगी। यहां यह बहुत दुखद बात है कि शुरुआती 12 दिन में 42 लोग यात्रा के दौरान अपनी जान गंवा चुके हैं। ज्यादातर लोगों को हार्ट अटैक की वजह से जान गंवानी पड़ी है। यह एक अलग चिंता का विषय है, जिस पर तीर्थयात्रियों के साथ ही सरकार को विचार करना चाहिए। क्या स्वास्थ्य के पैमाने पर खरे लोगों को ही चार धाम यात्रा में नहीं आने देना चाहिए? विशेष रूप से हृदय रोग की समस्या से ग्रस्त लोगों को ऐसी यात्रा से बचना चाहिए। पहले के समय में लोग ऐसी कठिन यात्रा से बचते थे, पर जैसे-जैसे यात्रा की सुविधाओं का विकास हुआ, वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती चली गई। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ, इन चार जगहों की यात्रा अभी भी आसान नहीं है। जो लोग बिना तैयारी या अपने को पहाड़ों के अनुरूप ढाले बिना आते हैं, उन्हें बहुत परेशानी होती है। जो लोग शरीर से मजबूत या संघर्षशील होते हैं, वे तो मुश्किलों का सामना कर लेते हैं, पर जो कमजोर होते हैं, वे यहां आकर बीमार पड़ जाते हैं। पहाड़ों में सड़कों का विकास तो हुआ है, पर चिकित्सा सुविधा पर्याप्त नहीं है। चिकित्सा सुविधाओं पर सरकार को गौर करना चाहिए और यात्रियों को भी ऐसी सुविधाओं के प्रति सचेत रहते हुए आचरण करना चाहिए। ध्यान रहे, इस वर्ष देश-विदेश के 26 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें से बड़ी संख्या में लोग अप्रैल-मई के बीच और बाकी लोग अक्तूबर-नवंबर के बीच अपनी यात्रा पूरी करेंगे। आमतौर पर यात्रा के पहले सत्र में ही ज्यादा से ज्यादा लोग चार धाम के दर्शन कर लेना चाहते हैं, क्योंकि इस समय ज्यादा ठंड नहीं होती है और मैदानी इलाकों में चिलचिलाती धूप का प्रकोप रहता है। क्या चार धाम यात्रा और यात्रियों की संख्या पर अंकुश रहना चाहिए? वाकई संख्या सीमित करना जरूरी होता जा रहा है, लेकिन व्यावसायिकता का दबाव आड़े आता है। बड़ी संख्या में ऐसे छोटे व्यवसायी हैं, जो साल भर से इस यात्रा का इंतजार करते हैं। यात्रियों की ज्यादा संख्या का मतलब है, ज्यादा कमाई, पर अब समय आ गया है कि यात्रियों के जीवन की ज्यादा चिंता की जाए।

“ क्या चार धाम यात्रा और यात्रियों की संख्या पर अंकुश रहना चाहिए? वाकई संख्या सीमित करना जरूरी होता जा रहा है, लेकिन व्यावसायिकता का दबाव आड़े आता है। बड़ी संख्या में ऐसे छोटे व्यवसायी हैं, जो साल भर से इस यात्रा का इंतजार करते हैं। यात्रियों की ज्यादा संख्या का मतलब है, ज्यादा कमाई, पर अब समय आ गया है कि यात्रियों के जीवन की ज्यादा चिंता की जाए।

# सुरक्षित भविष्य की कल्पना

डॉ. हंसा मीना

पश्चिमी राजस्थान में घटित जमीन में धंसाव की हालिया दो घटनाओं ने समूचे देश का ध्यान आकर्षित किया है। सोलह अप्रैल को राजस्थान के बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील के सहजरासर गांव में एक खेत का लगभग डेढ़ बीघा हिस्सा जमीन में अचानक धंस गया। इस घटना के कारणों के विषय में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, जैसे भूगर्भीय प्लेटों में हलचल का होना एवं इस क्षेत्र में व्याप्त विशाल जल राशि के दोहन से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना। किंतु भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग के वैज्ञानिक जिस संभावित कारण को सर्वाधिक मान रहे हैं वह है-थार के मरु स्थल के नीचे प्रवाहित सरस्वती नदी के जल के सूखने से उत्पन्न हुए वैक्यूम का लगातार कम होना। इसी तरह की घटना सात मई को बाड़मेर के नागाणा क्षेत्र में घटित हुई है। यहां तेल के कई कुएं हैं, जिनसे क्रूड ऑयल का उत्पादन हो रहा है। इस क्षेत्र में मंगला टर्मिनल के वेल पेड 3 से 7 के बीच में करीब डेढ़ से दो किलोमीटर लंबी जमीन में दरार आई है। यहां भी जमीन से भारी मात्रा में तेल के दोहन से उत्पन्न हुए रिक्त स्थान के कारण इस घटना का होना माना जा रहा है। वर्ष 2000 के बाद इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। पूर्व में कोलायत में ऐसे ही जमीन का धंसाव हुआ है। इस तरह की घटनाएं भविष्य में किसी बड़ी भूगर्भीय हलचल के होने की ओर इशारा कर रही हैं, जो चिंता का विषय है।

इसके पश्चात जीआईएस डाटाबेस के आधार पर इसको पुनर्जीवित करने के अभियान की शुरुआत 'प्रोजेक्ट सरस्वती' के तहत हुई। सैटेलाइट इमेज दिखाती है कि सरस्वती नदी की घाटी हरियाणा में कुरुक्षेत्र, कैथल, फतेहाबाद और सिरसा में समाहित है, जबकि राजस्थान में यह नदी श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ और थार के मरुस्थल से होते हुए खम्बात की खाड़ी तक जाती है। बीकानेर और बाड़मेर में हुई घटनाएं सरस्वती नदी घाटी की दिशा में ही घटित हुई हैं। साल 1998 में मिशन सरस्वती योजना के तहत इस क्षेत्र में कई बोरवेल खोदे गए थे जिनसे स्वतः ही पानी निकलता है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने इनसे निकलने वाले पानी को तीन हजार से चार हजार साल पुराना होने का दावा किया है। इस क्षेत्र में जमीन के नीचे मीठे पानी की लगभग 40-50 मीटर मोटी परत है। जमीन के नीचे बहती नदी जब सूखने लगती है तो जहां-जहां पानी गहरा होता है उन स्थानों पर तालाबनुमा और झीलनुमा जलीय स्रेत रह जाते हैं। इस क्षेत्र के आस पास सौ से दो सौ किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में किसानों द्वारा पानी दोहन हो रहा है, जिससे पाताल में लगातार वैक्यूम बन रहा है। जिन स्थानों पर यह स्थिति बन रही है उन रिक्त स्थानों पर जमीन बैठने लगती है। बीकानेर में जमीन धंसने से हुआ लगभग 82 फुट गहरा गड्ढा इसी के परिणामस्वरूप बनता प्रतीत हो रहा है जो लगातार गहरा होता जा रहा है। बाड़मेर में जिस स्थान पर जमीन में दरार आई है वहां ऑयल एंड गैस प्लांट है। इस घटना के कारणों के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा प्रथम दृष्ट्या यह आशंका जताई जा रही है कि तेल निकालने के लिए होने वाली ड्रिलिंग के चलते लगभग दो किलोमीटर जमीन में दरार आई है, जबकि कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि यहां कई तेल के कुएं हैं, जिनसे दशकों से क्रूड ऑयल का दोहन हो रहा है, इससे आस पास के क्षेत्र में लगातार वैक्यूम बन रहा है। इस कारण से भी दरार का बनना माना जा रहा है।

उपरोक्त घटनाओं ने भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर दी अतःइन स्थितियों से निपटने के लिए हमें अनुकूल समाधान निकालने होंगे जो इस प्रकार हो सकते हैं-भूजल निष्कर्षण कम करना, जल संरक्षण को बढ़ावा देना और भूजल पुनर्भरण को लागू करना इत्यादि। भूजल पुनर्भरण में कृत्रिम पुनर्भरण जैसी विभिन्न तकनीकों के माध्यम से भूजल संसाधनों को फिर से भरना शामिल है। इस प्रक्रिया का उपयोग जलभृतों में पानी की मात्रा बढ़ाने, भूजल की गुणवत्ता में सुधार करने और अत्यधिक भूजल दोहन के कारण होने वाली भूमि धंसाव को रोकने के लिए किया जाता है। यह न केवल भूमि धंसाव को रोकती है, बल्कि सिंचाई और घरेलू उपयोग के लिए पानी का एक वैकल्पिक स्रोत भी प्रदान कर सकती हैं और साथ ही भूजल की गुणवत्ता में भी सुधार कर सकती हैं। पर्याप्त संख्या में वृक्षारोपण करके भी इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। हमें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ, आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए जल संसाधनों का उपयोग करना होगा। 'सतत विकास' की अवधारणा को अपने जीवन में अपनाने के साथ ही 'जल ही जीवन है' इसे संस्कार के रूप में आत्मसात करना होगा तब जाकर हम एक सुरक्षित भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

**नजरिया**

# आरक्षण पर अदालत से दो-दो हाथ को तैयार बंगाल सरकार

*पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के दो फैसलों से लगे झटके के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न्यायपालिका से दो-दो हाथ करने के मूड में नजर आ रही हैं। वर्ष 2010 के बाद जारी अन्य. पिछड़ी जाति (ओबीसी) प्रमाणपत्रों को रद्द करने के हाईकोर्ट के ताजा फैसले के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अदालत पर भी टिप्पणी की है।*

प्रभाकर मणि त्रिपाठी,
वरिष्ठ पत्रकार

उन्होंने इसे भाजपा व प्रधानमंत्री को खुश करने के लिए किया गया फैसला बताया है। अदालत के ताजा फैसले से करीब पांच लाख लोगों के प्रभावित होने का अंदेशा है।

राज्य में छठे और सातवें दौर के मतदान से पहले आए इस अदालती फैसले से राज्य सरकार को करारा झटका लगा है। इससे पहले बीते महीने ही हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में करीब 26 हजार शिक्षकों की भर्ती रद्द कर दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर अंतरिम रोक लगा दी है, पर उन हजारों लोगों का भविष्य अनिश्चित ही है। अब ओबीसी आरक्षण पर ताजा फैसला ही राज्य में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है।

इसके बाद भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की कथित मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के लिए उसको कठघरे में खड़ा किया है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विपक्षी गठबंधन के चेहरे पर करारा थप्पड़ बताया है। सीपीएम और कांग्रेस ने भी अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि ममता सरकार ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए ओबीसी के नाम पर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का जो फैसला किया था, उसे अदालत ने गैर-कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया है। इस तरह, सरकार लाखों लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की दोषी है।

दरअसल, इस मामले की शुरुआत वर्ष 2010 में तत्कालीन वाम-मोर्चा सरकार के आखिरी दिनों में हुई थी। सरकार ने जनजातियों के चयन का काम पिछड़ा वर्ग आयोग को सौंपा था, पर उसकी अंतिम रिपोर्ट आने से



पहले ही उसने 43 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने का फैसला किया था। तब इसके लिए ओबीसी में दो वर्ग-ओबीसी-ए और ओबीसी-बी बनाए गए थे। इनमें दस फीसदी आरक्षण ग्रुप-ए में शामिल अति पिछड़ी जातियों को मिलना था। उनमें ज्यादातर मुस्लिम थे। बाकी सात फीसदी आरक्षण के दायरे में वे जातियां शामिल थीं, जो वर्ग-ए में शामिल जातियों के मुकाबले कम पिछड़ी थीं, पर इससे संबंधित विधेयक को राज्यपाल की सहमति नहीं मिलने के कारण सरकार इसे कानूनी दर्जा न दे सकी थी। बाद में वह सरकार सत्ता से बाहर हो गई। वर्ष 2011 में ममता सरकार के सत्ता में आने के बाद अगले वर्ष 35 जातियों को ओबीसीमें शामिल किया गया, जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम थीं।

अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि 8 फरवरी, 2010 को तत्कालीन वाम-मोर्चा सरकार ने मुस्लिमों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का एलान किया था। उसके छह महीने के भीतर तत्कालीन पिछड़ा वर्ग आयोग ने 42 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने की सिफारिश की, जिनमें से 41 मुस्लिम जातियां थीं, सरकार ने उस सिफारिश को मंजूरी दे दी थी। उसके बाद 11 मई, 2012 को ममता सरकार ने और 35 जातियों को उस सूची में शामिल कर दिया। अदालत का कहना है, इस मामले में कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि न्यायपालिका के प्रति उनकी श्रद्धा है, पर हर जगह अच्छे-बुरे लोग होते हैं। हाईकोर्ट का कोई जज इस्तीफा देकर भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है, तो कोई रिटायरमेंट के दिन कहता है कि वह तो शुरू से ही आरएसएस का सदस्य रहा है, इससे समझा जा सकता है कि उनके फैसलों पर किसका असर रहा होगा। ममता ने आरोप लगाया है कि भाजपा इस फैसले के जरिये पिछड़े मुसलमानों का आरक्षण खत्म करना चाहती है।

अभी राज्य में आखिरी दो चरणों में जिन सीटों पर मतदान होना है, वहां अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ी जातियों के मतदाताओं की खासी तादाद है। यही वजह है कि ममता इस मुद्दे पर काफी आक्रामक नजर आ रही हैं। अवमानना की परवाह किए बिना वह न्यायपालिका से भी टकराव की राह पर बढ़ती नजर आ रही हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# इससे पता चलता है सरकार की नीयत का

सुनील दास



राज्य की कोई समस्या है तो उसका समाधान तो सरकार को ही करना पड़ता है। उसके लिए कोई योजना बनानी पड़ती है, योजना की सफलता के लिए काम करना पड़ता है। सरकार के काम व उसकी योजना से ही तो सरकार की नीयत का पता चलता है कि यह वाकई में समस्या का समाधान चाहती है कि पहले की सरकारों की तरह समस्या के समाधान का महज दिखावा करना चाहती है ताकि समस्या का समाधन हो न हो लोगों को दिखाया जा सके कि देखों हम तो दिन रात समस्या के समाधान में ही लगे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ की नक्सल समस्या इसी तरह की समस्या है। यह छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले से बस्तर में है और छत्तीसगढ़ राज्य बन जाने के दो दशक बाद भी है। इसकी एक वजह यह है कि किसी सरकार ने इसे असंभव माना। यानी मान लिया कि इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सकता। इसकी दूसरी वजह यह रही कि किसी सरकार ने इसे असंभव तो नहीं माना लेकिन समाधान के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। यानी समस्या समाधान के लिए काम करने का दिखावा किया। ताकि लोगों को लगे की सरकार समस्या के समाधान के लिए प्रयास तो कर रही है लेकिन यह इतनी गंभीर समस्या है कि इसमें वक्त लगता है।

छत्तीसगढ़ में साय सरकार बनने के बाद पहली बार गंभीरता से नक्सली समस्या के समाधान के लिए काम शुरु हुआ। साय सरकार ने साफ कहा कि उसे बस्तर को नक्सलमुक्त करना है। कैसे करना है यह साय सरकार ने कुछ ही महीनों के कार्यकाल में 112 नक्सलियों का मार कर बता दिया है। सरकार के चार सफल नक्सल ऑपरेशन का मकसद नक्सलियों को संदेश देना था कि सरकार उनके सफाया के लिए गंभीर है। सरकार इस तरह के आपरेशन कर नक्सलियों को बताना चाहती थी कि इस सरकार व दूसरी सरकार में जमीन आसंमान का अंतर है।यह सरकार जो कहती है उसके लिए गंभीरता से काम भी करती है।

सरकार चार सफल ऑपरेशन के जरिए नक्सलियों में मारे जाने का डर पैदा करना चाहती थी,साय सरकार जानती है कि नक्सलियों के सफाया के लिए जरूरी है कि उसमें पुलिस व जवानों का खौफ होना चाहिए। यह खौफ जब तक पैदा नहीं होगा, नक्सली सरेंडर नहीं करेंगे। सरकार के चार ऑपरेशन से नक्सलियों में डर पैदा हुआ है कि पुलिस व जवान उसे अब कभी भी,कहीं भी मार सकते हैं। इसी वजह से बस्तर में नक्सलियों ने बड़ी संख्या में सरेंडर करना शुरू कर दिया है। रोज कहीं न कहीं से खबर आ रही है कि आज इतने नक्सलियों ने सरेंडर किया।

सरकार ने नक्सली सफाया के पहले चरण में चार सफल आपरेशन चलाकर नक्सलियों में खौफ पैदा किया कि वह सरेंडर नहीं करेंगे तो मार दिए जाएंगे। अब नक्सलियों के सफाया का दूसरा चरण शुरू हो गया है।सरकार जानती है कि नक्सलियों के सफाया का एक तरीका तो मुठभेड़ में घेरकर मार देना है।इस रास्ते मे बाधाएं बहुत हैं। इस रास्ते में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने पर कई तरह के विवाद होंगे, कई आरोप लगाए जाएंगे, ऑपरेशन को फर्जी बताया जाएगा। आदिवासियों पर अत्याचार बताया जाएगा।

इससे दूसरा सुरक्षित रास्ता है कि ज्यादा से ज्यादा नक्सलियों का सरेंडर कराना । नक्सलियों का सरेंडर मारे जाने के खौफ से भी होता है और अच्छी पुनर्वास नीति से भी होता है। इसलिए सरकार ने नक्सलियों के सफाए के दूसरे चरण में नक्सलियों से ही आनलाइन सुझाव मांगें है कि वह सुझाव दें कि सरेंडर करने के बाद उनका पुनर्वास कैसा होना चाहिए। यानी पुनर्वास में उनको और क्या सुविधाएं चाहिए। यानी सरकार अब नक्सलियों के लिए जो नई पुनर्वास नीति बनाएगी वह नक्सलियों के आनलाइन दिए सुझाव के आधार पर बनाई जाएगी।यानी अब छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का पुनर्वास नक्सलियों के सुझाव के अनुसार होगा।

नक्सलियों के सफाया के दूसरे चरण मे सरकार नक्सलियों को यह संदेश दे रही है कि सरकार नक्सलियों का सफाया दो तरह से कर सकती है। एक अगर वह सरेंडर नहीं करते हैं तो सीधे आपरेशन चलाकर उनको उनके ही प्रभाव क्षेत्र में मार गिराया जाएगा। दूसरा वह सरेंडर करते हैं तो उनको जैसा पुनर्वास चाहिए वैसा पुनर्वास करने को सरकार तैयार है। साय सरकार राज्य की पहली सरकार है जो नक्सलियों के सफाया के लिए सख्त व नर्म दोनों तरह के कदन उठा सकती है।

नक्सलियों को चार सफल आपरेशन कर बता दिया है कि वह सरेंडर न करने वाले नक्सलियों के लिए कितनी सख्त हो सकती है और पुनर्वास के लिए सुझाव मांग कर यह भी साफकर दिया है कि वह नक्सलियों के लिए नरम हो सकती है तो कितनी नर्म हो सकती है। साय सरकार ने अब गेंद नक्सलियों के पाले में डाल दी है। अब नक्सलियों को तय करना है कि वह क्या चाहते है।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## आईपीएल की उपलब्धियों में छिपी विश्व कप की संभावना

रविवार की शाम क्रिकेटप्रेमियों के लिए खास होने जा रही है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। उपलब्धियों के लिहाज से यह आईपीएल अपने पहले के संस्करणों से अलग साबित हुआ है। इसमें जितने छक्के लगे, वे उल्लेखनीय हैं। देखा जाए, तो पूरी सीरीज में बल्लेबाज हावी रहे। बहुत कम मौके आए, जब गेंदबाजों ने अपनी प्रतिभा से मैच का रुख मोड़ा। अच्छी बात यह भी रही कि कई टीमों में खिलाड़ी जल्द ही आपस में घुल-मिल गए, जिस कारण उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयलर्स का क्रिकेट बेहतरीन रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों ने भी आखिरी के छह-सात मैच काफी अच्छे खेले, पर शायद उनकी किस्मत साथ नहीं थी और वे आगे न जा सके। हां, चेन्नई सुपर किंग्स ने जरूर निराश किया। शायद उम्र का असर इसके खिलाड़ियों पर दिखने लगा है। अपने मैदान में धीमे विकेट पर यह टीम अच्छा खेली, लेकिन बाहर अपना दम नहीं दिखा सकी।

बेशक एक तर्क हो सकता है कि यह 20 ओवरों का ही क्रिकेट है और जितनी गरमी पड़ रही है, उसमें अनवरत प्रदर्शन करना काफी मुश्किल होता है। गेंदबाज भी भले चार ओवर डालते हैं, लेकिन तापमान यदि अधिक हो, तो पसीना आने से बॉल पर 'ग्रिप' नहीं बन पाता। मगर जो टीमें अच्छी थीं, वे लगातार अपने खेल का लोहा मनवाती रहीं। जाहिर है, बाकी टीमों को भी मेहनत करनी होगी। वैसे, इस आईपीएल को मुंबई इंडियंस की रणनीति ने भी खास बना दिया। फ्रेंचाइजी के पास निश्चय ही यह अधिकार होता है कि वह किसी को भी कप्तान बना दे, लेकिन अगर आपके पास मुंबई जैसी टीम और भारत का कप्तान हो, तो एक गलत फैसला कितना भारी पड़ सकता है, रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है। पिछले साल दिसंबर में अचानक यह एलान किया गया था कि हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। मैं यहां पांड्या पर कोई निजी टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन आईपीएल, 2024 बताता है कि जिस टीम से उनको लाया गया, उसने भी खराब खेला और जिस टीम का वह हिस्सा बने, वह भी 'प्वॉइंट टेबल' में आखिरी टीम साबित हुई।

बहरहाल, कई खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में सामने आए हैं, जिन पर आगे नजर बनी रहेगी। पहला नाम ऋतुराज गायकवाड़ का है। बल्लेबाजी की इनकी तकनीक काफी अच्छी है और फिल्डर भी लाजवाब हैं। कूल हैं और कप्तानी भी अच्छी कर लेते हैं। यह लंबे समय तक क्रिकेट खेल सकते हैं। इसी तरह, बायें हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अच्छा खेल दिखाया। स्ट्राइक रेट इनको अन्य खिलाड़ियों से अलग करता है। इन्होंने सिखाया है कि किस तरह से ट्वंटी-20 क्रिकेट खेलते हैं। इसी तरह, खब्बू बल्लेबाज तिलक वर्मा, एस सुदर्शन जैसे खिलाड़ी भी लंबे समय तक दौड़ने का माद्दा रखते हैं।

# सड़क पर सबके काम आए अच्छा कानून



कमलेश जैन, अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट

पुणे में एक नाबालिग के शराब पीकर दो नौजवानों को रौंदने की घटना कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती है। इस पूरी घटना में पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ किशोर न्याय बोर्ड के रवैये पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो बिल्कुल स्वाभाविक हैं। दरअसल, शनिवार-रविवार की रात 17 वर्ष का एक किशोर शराब के नशे में अपने पिता की पोर्श कार करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा रहा था और उसने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो युवा इंजीनियरों की मौत हो गई। लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया और पुलिस उसे लेकर किशोर न्याय बोर्ड पहुंची, लेकिन वहां उसे न सिर्फ बड़ी आसानी से जमानत मिल गई, बल्कि 300 शब्दों में 'सड़क दुर्घटना' पर एक निबंध लिखने को भी उसे कहा गया। इसकी विशेषकर सोशल मीडिया में तेज प्रतिक्रिया हुई और किशोर न्याय बोर्ड की लानत-मलामत शुरू हो गई। नतीजतन, बोर्ड ने न सिर्फअपना फैसला बदला, बल्कि 5 जून तक किशोर को बाल सुधार गृह में भेज दिया। हालांकि, यह अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है कि उस किशोर को बालिग की तरह सजा दी जाएगी या नाबालिग की तरह रियायत?

यह जानकारी देश के संभवतः बहुत कम लोगों को है कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 में साल 2021 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए थे, जिसे 1 सितंबर, 2022 को लागू कर दिया गया है। यहां इसकी धारा 18 का जिक्र आवश्यक है, जिसमें पहले यह प्रावधान था कि जिनकी 18 साल से कम है, उनके द्वारा यदि कोई 'छोटा' या 'गंभीर' अपराध किया जाता है, तो उसका निस्तारण किशोर न्याय बोर्ड करेगा। मगर 2021 के संशोधन में न सिर्फइसमें 'जघन्य अपराध' को शामिल किया गया, बल्कि उम्र सीमा घटाकर 16 साल की गई। यानी, अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को बालिग माना जा सकता है और आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत उस पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है। जाहिर है, कानूनी संशोधनों के मुताबिक इस किशोर को भी उम्र और अपराध की प्रकृति के मुताबिक बालिग समझा जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं किया गया। वैसे कानून यह भी है कि वह 16 वर्ष से कम भी होता, तब भी इतना गंभीर अपराध करके वह बाल सुधार गृह नहीं, जेल जाता या सजा पाता।

अफसोस की बात यही है कि यह कानून 1 सितंबर, 2022 से भारत में लागू है, फिर भी इसकी जानकारी कम लोगों को है। साधारण व्यक्ति की बात छोड़िए, इस मामले में तो यही जान पड़ता है कि संबंधित अधिकारीगण और किशोर न्याय बोर्ड भी आंखें मूंदे हुए है। यहां आरोपी को अपने परिवार के रसूख का फायदा मिलता भी दिखता है। इतना गंभीर अपराध करने के बाद भी यदि आरोपी को तुरंत जमानत मिल गई, तो यह बात कहीं न कहीं हमारी व्यवस्था पर सवाल उठाती है। यह भी संकेत है कि आरोपी के परिजनों के दबाव में उसे राहत दी गई थी। उल्लेखनीय यह है कि किशोर न्याय अधिनियम में 'छोटे', 'गंभीर' और 'जघन्य' अपराधों की श्रेणियां सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिल्पा मित्तल बनाम दिल्ली के मामले में साल 2020 में दी गई टिप्पणी के बाद बांटी गई थीं, जिसमें कहा गया था कि किशोर न्याय अधिनियम में अपराध की चौथी श्रेणी 'जघन्य अपराध' के लिए प्रावधान नहीं किए गए हैं, जिसमें अपराध के लिए अधिकतम सजा सात वर्ष है, किंतु न्यूनतम सजा नहीं है।

स्पष्ट है, किशोर न्याय बोर्ड को इस कानून की जानकारी होनी चाहिए थी और इस मामले को नियमित अदालत में कार्रवाई के लिए भेजना चाहिए था। उसका कर्तव्य आरोपी को सही मार्ग दिखाना है, इसलिए उसकी यह अनभिज्ञता दुखद है। पीड़ित परिवार चाहे, तो उच्च न्यायालय जाकर इंसाफकी गुहार लगा सकता है। इस मामले में पुलिस चाहती, तो काफी कुछ कर सकती थी। ऐसे मामलों को रोकने के लिए उसके पास कई शक्तियां हैं। मसलन, पुलिस किसी को भी, बिना कारण भी, गिरफ्तार कर सकती है, जिसने किसी पुलिस अफसर के सामने एक गैर-जमानतीय अपराध किया हो। इतना ही नहीं, यदि किसी के खिलाफ वाजिब शिकायत की गई है या उसके खिलाफ कोई विश्वसनीय रिपोर्ट आई है या ऐसी कोई गैर-जमानतीय अपराध का संदेह उस पर हो, जिसमें सजा सात वर्ष या इससे ज्यादा हो, तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है।

देश के परिवहन कानून को भी काफी सख्त बनाया गया है। अब तो तेज गति या लापरवाही से गाड़ी चलाने के परिणामस्वरूप किसी अन्य व्यक्ति को चोट लगने या मृत्यु होने के मामले में धारा 279 और धारा 304-ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), धारा 337 (किसी के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कार्य से चोट पहुंचाना) या धारा 338 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत दोषी को दंडित किया जा सकता है। इनमें 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। जाहिर है, कानून के पालन में चूक हुई है। पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण देना अनिवार्य है। उनमें यह समझ भी विकसित करनी होगी कि किस अपराध में किस धारा के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए? यदि पुलिस-प्रशासन रसूखदारों की परवाह किए बिना, आम आदमी के हित में कानून का पालन करेंगे, तो देश बहुत हद तक अपराध से मुक्त हो सकता है।

इसी तरह, ड्राइविंग लाइसेंस को जारी करने की प्रक्रिया में भी सुधार जरूरी है। खास गाड़ियों के लिए सोच-विचारकर ड्राइविंग लाइसेंस जारी होना चाहिए। अच्छी बात है कि नाबालिगों के गाड़ी चलाने के मामले में उनके माता-पिता को गिरफ्तार कर सजा का प्रावधान किया गया है, जिसका कड़ाई से पालन जरूर किया जाना चाहिए। अपने देश में शराब पीकर गाड़ी चलाना, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाना या मोबाइल चलाते हुए गाड़ी चलाना आदि भी कानूनन अपराध हैं।

असल में, अपने देश में कानून तो कई हैं, लेकिन उनका पालन सुनिश्चित नहीं हो पाता है। इसी अनदेखी की वजह से कानून की अवहेलना होती है और इसे लागू करने वाली एजेंसियां अथवा अधिकारीगण सुस्त जान पड़ते हैं। विडंबना यह है कि न्यायालय आदेश देने में तो तत्परता दिखाते हैं, लेकिन उस आदेश को लागू करवाने के मामले में उनके हाथ बंधे दिखते हैं। हमें यह तस्वीर भी बदलनी चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले　बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### स्कूली बच्चों के लिए शुरू हुए जिला स्तरीय समर कैंप पंख में बच्चे सीख रहे विभिन्न विधाएं

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए समर कैंप का आयोजन बहतराई स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तरीय समर कैंप में आज जिला पंचायत सीईओ श्री आर पी चौहान ने बच्चों से संवाद किया और छोटी छोटी प्रेरक कहानियों के माध्यम से बच्चों को संदेश दिया। जिला स्तरीय समर कैंप पंख में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के लगभग 200 छात्र छात्राएं शामिल हैं। कार्यक्रम में बच्चों को कैरियर से सबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में आने वाले छोटे-छोटे संघर्षों से न घबराएं व निरंतर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि समर कैंप में दिया जा रहा प्रशिक्षण निश्चित रूप से छात्रों के लिए उपयोगी होगा। चौहान ने छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। चौहान ने बताया कि बच्चे समर कैंप में मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्द्धक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है, जो उनके लिए भविष्य में काफी लाभदायक होगा। समर कैंप में आज इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का प्रशिक्षण मनोज सनाड्य, ड्राइंग के विषय में विकास दत्ता और वैदिक गणित के विषय में बीएल श्रीवास प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। शाम के सत्र में डॉ. रश्मि द्विवेदी काउंसर डीपीएस स्कूल बिलासपुर द्वारा बच्चों को हिन्दी लेखन के विषय में व रंगोली, पेंटिंग, स्केचिंग का प्रशिक्षण दिव्या कश्यप द्वारा दिया गया। बॉलीवुड डांस, सहज योग के साथ ही बच्चों को संगीत वादन का प्रशिक्षण भी विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

### शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कार्य करें संपन्न - कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को आज जिला पंचायत के सभाकक्ष राजनांदगांव में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि डाटा प्रमाणिक होना चाहिए और समय पर प्राप्त होना चाहिए। इस पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने पूरी सावधानी रखते हुए मतगणना कार्य करने कहा। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपने-अपने टेबल पर मतगणना कार्य संपन्न कराने कहा। उन्होंने सभी मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना के तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सहायक रिटर्निंग आफिसर, सिक्योरिटी नोडल, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारीगण प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल एवं सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश वर्मा ने बिन्दुवार मतगणना तथा परिणाम की घोषणा की प्रक्रिया के बारे में प्रजेन्टेंशन के जरिए सरल ढंग से बताया।

# जल्द शुरू होगी बिलासपुर-जगदलपुर विमान सेवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जल्द ही बिलासपुर से जगदलपुर फ्लाइट शुरू होने जा रही है। अलायंस एयर ने समर शेड्यूल में बदलाव करते लिए जगदलपुर और बिलासपुर के बीच फ्लाइट चलाने की घोषणा कर दी है। 1 जून से फ्लाइट शुरू हो रही है। यह पहली बार है जब जगदलपुर रूट पर बिलासपुर से फ्लाइट चल रही है। इसके साथ ही प्रयागराज और जबलपुर की बंद फ्लाइट भी शुरू की जा रही है, जिससे यात्रियों को फायदा होने की उम्मीद है।

बिलासा देवी केंवट चकरभाठा एयरपोर्ट से प्रयागराज-जबलपुर के साथ जगदलपुर के लिए भी 1 जून से उड़ान शुरू होगी। एलायंस एयर ने समर रीशेड्यूल जारी कर दिया है। ढाई माह बाद लोग फिर से प्रयागराज-जबलपुर के लिए हवाई सफर कर सकेंगे। वहीं पहली बार बिलासपुर से जबलपुर के लिए भी फ्लाइट शुरू कर दी गई है, यह फ्लाइट बुधवार को चलेगी। 1 जून से प्रयागराज, जबलपुर उड़ान शुरू हो रही है। खास बात यह है कि प्रयागराज और जबलपुर के लिए पहले भी रोजाना 30 से 40 यात्री उड़ान का मजा ले पाते थे लेकिन अलायंस एयर ने मनमानीपूर्वक फ्लाइट बंद कर दी थी। नई उड़ानों के शुरू होने से यात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

बिलासपुर के साथ ही प्रयागराज, जबलपुर और कोलकाता में हाईकोर्ट है, वहीं दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट



तक बिलासपुर के लोगों की पहुंच आसान हो सकेगी। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई एड्?वोकेट बिलासपुर में हीयरिंग के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में देश के 4 हाईकोर्ट के लिए एड्?वोकेटस के लिए आवागमन के साधन सुलभ हो सकेंगे। दरअसल प्रयागराज हाईकोर्ट में भी बिलासपुर से फ्लाइट बंद होने पर एड्?वोकेट विनित पांडेय द्वारा एक पीएलआई लगाई गई थी. जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अरूण अनशाली और जस्टिस विकास बुधवार ने अलायंस एयर को फटकार लगाई थी, जिसके बाद ही अलांयस एयर को फ्लाइट चालू का दबाव महसूस होने लगा था।

### टूरिजम को मिलेगा बढ़ावा

बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है। बिलासपुर से जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होने से इसे बढ़ावा मिलना तय है। वहीं जगदलपुर पहुंचने के लिए सीधे ट्रेन रूट नहीं है, वहीं सड़?कों के द्वारा दूरी तय करना कष्टकारक साबित होता है, ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा।

### चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून 2024 से विमान सेवा शुरू चेंबर ने किया नागरिक उड्डयन मंत्री का किया धन्यवाद ज्ञापित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। चेंबर ने इस पहल हेतु माननीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

छत्तीसगढ़ चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि चेंबर की मांग पर जगदलपुर के लिए 1 जून 2024 से सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। पूर्व में चेंबर ने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जगदलपुर विमान सेवा शुरू करने हेतु ज्ञापन सौंपा था ताकि घरेलू एवं अंतर्राज्यीय उड़ानों की संख्या में वृद्धि हो तथा प्रदेश में बढ़ रहे हवाई यात्रियों को भी इसका लाभ




मिले। श्री पारवानी ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ राज्य के दुरांचल में स्थित जगदलपुर( बस्तर) का प्रदेश एवं अन्य राज्यों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। ऐसे में बिलासपुर-जगदलपुर के लिए फ्लाइट शुरू होना शहरवासियों के लिए काफी बेहतर साबित होगा। बिलासपुर और रायपुर के बाद जगदलपुर के लिए टूरिज्म की संभावना काफी अधिक है क्योंकि जगदलपुर प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ है।

# हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। जिले के किकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपानी में 20 मई सोमवार को हुए हृदय विदारक सड़क हादसा में 19 लोगों की मौत की खबर से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई थी। सभी सेमरहा गांव के रहने वाले थे,जो तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप से दोपहर में वापस आ रहे थे।



सड़क हादसे की खबर सुनकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित समिति के समस्त सदस्य पहुंचकर ग्राम बाहपानी में भीषण सड़क दुर्घटना में मृत तेंदूपत्ता श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। जिसमे छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व विधायकगण खैरागढ़ विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा,खुज्जी विधायक भोलाराम साहू,डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल,डोंगरगॉव विधायक दलेश्वर साहू,होरीराम साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस कवर्धा,नीलू चंद्रवंशी पूर्व जिलाध्यक्ष,ममता चंद्राकार पूर्व विधायक पंडरिया,महेश चंद्रवंशी,चोवा राम साहू रामचरण पटेल उपस्थित रहे। पीपीसी चीफ दीपक बैज के कहा विपदा की इस घड़ी में हम सबकी पूरी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है,घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है,मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया।इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठरी,नरेंद्र सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।

बतादें कि 20 मई को कवर्धा के सेमरहा गॉव के मजदुर हमेशा की तरह तेन्दुपत्ता तोड़ने जंगल गए थे।जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापिस पिकअप में सवार होकर गॉव आ रहे थे।तेज रफ़्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।खबर ये भी है कि पिकअप में 25 लोग सवार थे।जिसमे 19 लोगो की मौत हो गई थी।वही अन्य घायलों का इलाज अभी भी जारी है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका गतिविधि का किया गया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** ओडिशा रूरल डेव्हलमेट एण्ड मार्केटिंग सोसायटी के जितेन्द्र कुमार बिसवाल , संजीव कुमार मोहन्ती द्वारा जिला दुर्ग के ग्राम पचायत सांकरा, फुंडा एवं चंदखुरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंधित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया गया एवं संचालित कार्यों की सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एसआरएलएम से सत्यप्रकाश तिवारी एवं राजन सोनी उपस्थित थे। संचालित गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण जिला पंचायत दुर्ग एसआरएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी स्वप्निल ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण दल द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित कार्यक्रम ब्लाक पाटन के ग्राम पंचायत सांकरा में रंगोली, गुलाल एवं पूजन सामग्री निर्माण का अवलोकन कर प्रशंसा किया गया। वही ग्राम पंचायत फुण्डा के तेल युनिट, ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में हेचरी युनिट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्व-सहायता समूह से चर्चा कर आजीविका मिशन कार्यो का सराहना भी किया। ग्राम पंचायतों में आजाविका मिशन के तहत मिल्क प्रोडनशन नमकीन मिठाई, पनीर निर्माण, रबड़ी दूध का पैकेजिंग उत्पादन हो रहा है।

# जिला बेमेतरा में अब तक 1696 बच्चे हुए कुपोषण से मुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा ।** बेमेतरा जिला में जिला के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र - जिला चिकित्साल्य बेमेतरा में संचालित है। जहाँ 0 वर्ष से 05 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कर कुणेषण से मुक्त करने का कार्य किया जाता है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, ANM, चिरायु के टीम द्वारा भेजा जाता है व पालक स्वयं बच्चों को ला कर भी भर्ती करा सकते है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों को 15 दिवस तक भर्ती करके पोषन आहार एवं उचित दवाईयों के माध्यम से उपचार किया जरा है। पोषण पुनर्वास केन्द्र में गंभीर- कुपोषित बच्चों एवं ऐसे बच्चे जिन्हे लंबे समय से दस्त हो रहा हो, या बार-बार बिमार पड़ते है, ऐसे बच्चे को भी NRC ने भर्ती कर सकते है। पोषक आहार में बच्चो को थेरापूटिक फूड, (स्न75, स्न100) Formula milk, एवं समय समय पर नाश्ता (दलिया, हलवा,खिचड़ी, इडली, सेवई आदि) एवं माताओं को दो समय का भोजन प्रदाय किया जाता है तथा माता को 150 रु. प्रतिदिन का 15 दिवस का 2250.00 रु. छुट्टी पश्चात् प्रदाय किया जाता है। यहाँ पर दि जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं मुफ्त में प्रदाय किया जाता है। जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र बेमेतरा में जनवरी, 2013 से संचालित है, जिसमे कुल अब तक 1696 बच्चे भर्ती होकर सुपोषित हो चुके है।

सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. चुरेन्द्र, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु के मार्गदर्शन व शिशुरोग विशेषज्ञ डाँ दीपक कुमार निराला, चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन वर्मा के देखरेख एवं फिडिंग डिमास्ट्रेटर दीप्ति धुरंधर तथा स्टॉफ नर्स कु.अंकिता वर्मा, रोहिणी चंद्राकर के देखरेख में रखा जाता है।

### चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल से मिले

# नोटिस पर रोक लगाने सकारात्मक आश्वासन दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल से मुलाकात कर राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वत: रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। जिस पर जीएसटी आयुक्त माननीय रजत बंसल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा



अचानक किये गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है । श्री पारवानी ने आगे बताया कि जीएसटी व्यवस्था भारत में अप्रत्यक्ष कर संरचना को सुव्यवस्थित करने के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख सुधार है। हालाँकि, इसके कार्यान्वयन के बाद शुरुआती वर्षों में, व्यापारियों और अधिकारियों दोनों के सामने कई चुनौतियाँ थीं।

नए अधिनियम की जटिलता, पोर्टल की अनभिज्ञता के साथ, अनजाने में त्रुटियां और अनुपालन में देरी हुई। इस अवधि के दौरान, व्यापारी, अधिकारी और कानूनी सलाहकार सभी जीएसटी अधिनियम की बारीकियों और इसके परिचालन तंत्र के बारे में खुद को शिक्षित करने की प्रक्रिया में थे।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह कहा गया था कि 1 अप्रैल 2021 के पहले के जो भी नोटिस है यदि जीएसटी आर-1 के पहले जीएसटी 3 बी फाइल किया जाता है तो वह स्वत: ही निरस्त माना जायेगा। 1 अप्रैल 2021 के बाद पेनाल्टी के लिये अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। तत्पश्चात प्रारंभिक वर्षों के दौरान देर से फाइलिंग के लिए जुर्माना लगाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

उपरोक्त विषय पर जीएसटी आयुक्त रजत बंसल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मंत्री- राजेन्द्र खटवानी, अमित अग्रवाल एवं युवा कैट से हितेश ओसवाल उपस्थित रहे।

# पानी अनमोल है इसका संरक्षण व संवर्धन करें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद बहुत ही अनमोल है। उन्होंने कहा कि इसके बिना मनुष्य के साथ-साथ संपूर्ण जीव-जगत की जीवन की परिकल्पना करना सर्वथा असंभव है। इसलिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन करना नितांत आवश्यक है। चन्द्रवाल जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कुलिया एवं कनेरी में आज आयोजित जल संरक्षण पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।




इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसकी उपयोगिता की जानकारी देते हुए सभी लोगों को अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने तथा जल संरक्षण के पूनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने ग्राम कुलिया एवं कनेरी के विभिन्न घरों में पहुँचकर घर मालिकों के द्वारा बनाए गए सोख्ता गड्ढा का अवलोकन भी किया। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा से सोख्ता गड्ढा के निर्माण करने पर ग्रामीणों के जल संरक्षण के प्रति सजगता एवं प्रयासों की भूरी-भूरी सराहना की। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम कुलिया में श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाते हुए इसी प्रकार जनसहयोग से अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कलेक्टर चन्द्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अधिकारियों ने सोख्ता गड्ढा में गिट्टी व रेत डालकर जल संरक्षण पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जिलेवासियों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी देने तथा जल का संरक्षण एवं संवर्धन करने जिले के गुरूर विकासखण्ड में 24 मई से 05 जून तक जल संरक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोख्ता गड्ढा के निर्माण हेतु शेष रह गए गुरूर विकासखण्ड के 17 हजार घरों में पहुँचकर 05 जून तक उन्हें स्वप्रेरणा से सोख्ता गड्ढा के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों के द्वारा जल वाहिनी के सदस्य, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पानी के हरेक बूंद को संरक्षण करने तथा 'कैच द रेन' को बढ़ावा देने की पूरा सहयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संपूर्ण जीव जगत के लिए पानी की उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने पानी की अपव्यय एवं दुरूपयोग करने पर भविष्य में आने वाले संकट एवं चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। चन्द्रवाल ने कहा कि पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के विशेष प्रायोजन के फलस्वरूप गुरूर विकासखण्ड में जल संरक्षण पखवाड़ा का महत्वपूर्ण आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी लोगों को अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम छोटे-छोटे प्रयास के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# अमायरा दस्तूर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस में दिखा दिलकश अंदाज



बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री अमायरा दस्तूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ आकर्षक तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वे एक ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस ड्रेस में उनका दिलकश अंदाज सबको मोहित कर रहा है। अमायरा की इन तस्वीरों में उनके खुले बाल और उनकी ग्लैमरस पोज़िंग ने फैंस को उनकी और आकर्षित किया है।

इस आउटफिट में अमायरा ने न केवल अपने स्टाइल का परिचय दिया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि कैसे एक सिंपल लुक को भी उत्कृष्ट बनाया जा सकता है। उनकी इन तस्वीरों को देख कर यूज़र्स के बीच खासी चर्चा हुई और उन्होंने अमायरा के लुक को खूब सराहा है। अमायरा दस्तूर अपनी इन ताजा तस्वीरों के जरिए न केवल अपनी स्टाइलिश छवि को बरकरार रखती हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि वे अपनी प्रत्येक पोज़ में कितनी आत्मविश्वासी और आकर्षक दिखती हैं। उनकी यह तस्वीरें निश्चित रूप से उनके फैंस को और भी दीवाना बना देंगी।

# स्टाइल ड्रेस में आमना शरीफ ने शेयर की तस्वीरें

**टीवी की जानी-मानी और खूबसूरत अभिनेत्री आमना शारीफ आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सक उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।**

एक्ट्रेस आमना शरीफ हमेशा अपने बोल्ड लुक्स से इंस्टाग्राम पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही छा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ाती हुई नजर आ रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस आमना शरीफ ने व्हाइट कलर का फ्रॉक स्टाइल ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट नजर आ रही हैं।

इस फोटो में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर रिझा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस आमना शरीफ जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। आमना शरीफ सोशल मीडिया लवर हैं और साथ ही इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव भी रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।



# 100 करोड़ क्लब में पहुंची तमन्ना भाटिया की अरनमनई 4

## वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ बनाया ये रिकॉर्ड



अरनमनई 4 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। फिल्म हर रोज ना सिर्फ घरेलू बॉक्स पर बल्कि दुनिया भर में दमदार कारोबार कर रही है। फिल्म ने भारत में जहां 50 करोड़ रुपए क्लब में एंट्री ले ली है तो वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म का कलेक्शन 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है।

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस अवनि मीडिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है। 100 करोड़ के कलेक्शन की जानकारी देती एक क्लिप के साथ उन्होंने लिखा- सिनेमाघरों में जश्न, बॉक्स ऑफिस पर एक फिनोमिना। दुनिया भर में 100 करोड़ की कमाई करने वाली 2024 की पहली तमिल फिल्म और यह सब उस प्यार से है जो आपने हमें दिया है।

तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म अरनमनई 4 इसी 10 मई को रिलीज हुई थी। फिल्म ने अपने 19 दिनों के वर्ल्डवाइट कलेक्शन के मामले में कैप्टन मिलर और अयालान जैसी फिल्मों को मात दे दी है। फिल्म अपने धांसू कलेक्शन के साथ साल 2024 में तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी हिट बन गई है।

अरनमनई 4 एक कॉमेडी-हॉरर फिल्म है जिसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में हैं। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म में एक भाई अपनी अलग हो चुकी बहन की मौत के पीछे की सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है। उसकी बहन को लेकर कहा जाता है कि उसने खुदकुशी की है, लेकिन उसे लगता है कि इसके पीछे किसी सुपरनैचुरल ताकत का हाथ है। फिल्म में तमन्ना भाटिया के अलावा राशि खन्ना और सुंदर सी भी हैं। फिल्म का डायरेक्शन भी सुंदर सी ने ही किया है।

# सजनी शिंदे का वायरल वीडियो किरदार की मासूमियत बरकरार रखना चाहती हूं : राधिका मदान



**मिस्ट्री फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में मुख्य किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान ने बताया कि किस तरह फिल्म ने उन्हें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। राधिका ने अपने किरदार सजनी से जुड़ी कुछ बातें शेयर की। उन्होंने कहा, सजनी के लिए मुझे वास्तव में दुख हो रहा है। लेकिन इसका उपाय सिर्फ यह है कि आप समाज के लिए अपनी चमक या अपनी मासूमियत को न खोएं। यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी नजरों में सही रहें और अपने आप पर भरोसा रखें।**

राधिका ने कहा, किसी को बाहरी लोगों के अनुसार अपनी जिंदगी नहीं जीनी चाहिए। इसलिए, मैं सजनी की चमक और मासूमियत को अपने अंदर बरकरार रखने की पूरी कोशिश करूंगी। फिल्म की शूटिंग से जुड़े एक किस्से को बताते हुए राधिका ने कहा, हर एक सीन ने हमें अपने अंदर झांकने पर मजबूर किया। सिर्फ मुझे ही नहीं, बल्कि निर्देशक, सेट पर मौजूद लोगों, को-एक्टर्स को भी.. मुझे लगता है कि हर सीन इंट्रोस्पेक्शन से भरा था।

राधिका ने कहा, आप अपने बारे में नहीं, बल्कि अपने रोल के बारे में सोचते हैं, लेकिन यह फिल्म आपसे यह सवाल करने पर मजबूर करती है कि आप खुद को कैसे देखते हैं। मिखिल मुसाले द्वारा निर्देशित यह फिल्म सजनी शिंदे (राधिका) की कहानी को उजागर करती है, जिसका जिंदगी एक वायरल वीडियो से पूरी तरह से तबाह हो जाती है। इसमें निम्रत कौर, भाग्यश्री, सुबोध भावे, सोहम मजूमदार और सुमीत व्यास भी हैं। फिल्म का प्रीमियर 25 मई को एंड एक्सप्लोर एचडी पर होगा।

# शुगर के मरीज को ग्लूकोज पाउडर पीना चाहिए या नहीं

### क्या इसमें भी शुगर फ्री का ऑप्शन आता है?

ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं और अंगों के लिए एनर्जी का प्रमुख सोर्स है। इसकी कमी से शरीर कमजोर महसूस करने लगता है। गर्मी के मौसम में बहुत से लोग ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करते हैं, जो हाई ग्रेड डेक्सट्रोज से बना होता है। यह ग्लूकोज का ही रूप है। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन ष्ठ मौजूद होता है।

एक्सरसाइज, खेलकूद या सफर करने के बाद जब थक जाते हैं तो ग्लूकोज इंस्टैंट एनर्जी देने का काम करता है। इससे मसल्स की रिकवरी होती है और शरीर को ठंडक मिलती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या शुगर के मरीज ग्लूकोज पाउडर पी सकते हैं, क्या उनके लिए भी यह फायदेमंद है या इसके कुछ नुकसान भी हैं।

### क्या शुगर के मरीज भी पी सकते हैं ग्लूकोज पाउडर

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ग्लूकोज सिर्फ फायदेमंद ही नहीं नुकसानदायक भी हो सकता है। अगर ग्लूकोज का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है तो ब्लड शुगर के लेवल का कंट्रोल खत्म हो सकता है। इससे ब्लड शुगर बढ़ सकता है, जो डायबिटिक यानी शुगर के मरीजों के लिए ठीक नहीं है। ग्लूकोज पाउडर के अधिक सेवन से बार-बार पेशाब आने की समस्या और खाने की क्रेविंग बढ़ सकती है।



### कब और कितना लेना चाहिए ग्लूकोज पाउडर

1. ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल रोजाना नहीं करना चाहिए.
2. गर्मी के मौसम में दिन में एक बार से ज्यादा ग्लूकोज न लें.
3. दो चम्मच ग्लूकोज पाउडर और एक गिलास ठंडा पानी ही लें.
4. ग्लूकोज को खाली पेट और सुबह पीना अच्छा माना जाता है.
5. धूप से आने के बाद तुरंत ग्लूकोज पाउडर वाला पानी न पिएं.
6. डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह पर ही किसी ग्लूकोज पाउडर का इस्तेमाल करें.

### मोटापा बढ़ा सकती है, जो डायबिटीज का कारण है

ग्लूकोज पाउडर का ज्यादा सेवन मोटापा बढ़ा सकता है, जो डायबिटीज के कारणों में से एक है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि, ग्लूकोज जब शरीर में पहुंचता है तो शुगर की मात्रा को बढ़ा देता है, जिससे मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और मोटापा बढ़ने लगता है। इसकी वजह से खाने की क्रेविंग बढ़ती है और ज्यादा खाने-पीने का मन करता है। इससे वजन बढ़ सकता है। ग्लूकोज शरीर में वॉटर रिटेंशन को बढ़ा कर सूजन पैदा कर सकता है।

## खास खबर

### 31 मई तक होगा रसोई गैस कनेक्शन धारियों का ई-केवाईसी

**जगदलपुर।** जिले में गैस कनेक्शन धारियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है, उक्त कार्य को आगामी 31 मई तक अनिवार्य रूप से करवाने की अपील करते हुए खाद्य अधिकारी ने जानकारी में बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों ऑयल कम्पनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन ने अपने सभी एलपीजी ग्राहकों से निवेदन किया है कि वे अपने गैस कनेक्शन का बायोमेट्रिक ई-केवाईसी के माध्यम से 31 मई 2024 से पहले अपडेट करवा लेवें, ताकि आगे गैस रिफिल करवाने के लिए किसी प्रकार की समस्या न हो। जिस घर में जिनके नाम से गैस सिलेण्डर है, उन्हे सम्बंधित गैस एजेंसी में उपस्थित होकर बताना होगा कि सिलेण्डर प्राप्त करने वाला व्यक्ति वही है। इसकी पुष्टि के लिए एलपीजी उपभोक्ता से उनका आधार कार्ड मंगवाया जा रहा है। गैस एजेंसियों को ई-केवायसी के लिए मशीन दी गई है जिससे उन लोगों को अंगूठे का निशान लगाना है, जिनके नाम से गैस कनेक्शन है। इसके अलावा सुरक्षा जांच का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जो कनेक्शन 05 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं उन ग्राहकों को सिलेण्डर से लगी हुई सुरक्षा नली बदलने की सलाह दी जा रही है। सुरक्षा जांच के सत्यापन के लिए ग्राहक के गैस कनेक्शन से जुड़े हुए मोबाईल नंबर पर कंपनी द्वारा ओटीपी भेजा जाएगा।

### एक दिवसीय स्वयंसेवा से स्वयंसिद्ध कार्यशाला में युवोदय स्वयंसेवकों को किया गया सशक्त

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन, यूनिसेफ और एग्रिकॉन्स फाउंडेशन के सहयोग से युवोदय स्वयंसेवकों को सशक्त करने के लिए स्वयंसेवा से स्वयंसिद्ध कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वयंसेवकों को सशक्त करते हुए उन्हें समाजोन्मुख दृष्टिकोण प्रदान करना है। ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, किशोर सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, सुपोषण के जन जागरूकता अभियानों के मध्यम से विभागीय योजनाओं को जिले के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में युवोदय स्वयंसेवकों को सहयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही शाला त्यागी बच्चों को पुन: शिक्षा से जोड़ने, बाल सुरक्षा की महत्व समझाने, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, कुपोषण दूर करने हेतु गांव-गांव में प्रशासन के सहयोगी के रूप में जागरूक करते हुए उन्मूलन हेतु कार्य करने कहा गया। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वयंसेवकों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे ही समाज के हित में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में गुजरात से आये ट्रेनर प्रोफेसर दीपक तरैया जी ने स्वयंसेवा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वयंसेवा के पीछे छिपे अर्थ और महत्व को समझाते हुए समय, संवाद और स्पर्श को जीवन का मूल्य बताया। युवोदय स्वयंसेवकों को 'सीखें, जीये और नेतृत्व' के सिद्धांतों के माध्यम से एक उत्साही और प्रेरित स्वयंसेवक बनने की राह दिखाई। यूनिसेफ से आये एस.बी.सी. विशेषग्य श्री अभिषेक सिंग ने बताया कि, युवोदय स्वयंसेवक, प्रशासन और समुदाय के मध्य मुख्य कड़ी है, शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने व समाज को स्वस्थ्य व्यवहारों के प्रति जागरूक करने कार्य करती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन, यूनिसेफ बाल सुरक्षा विशेषज्ञ चेतना देसाई, जागृति गर्ग (राज्य सलाहकार), अनन्या झा (एग्रीकोन फाउंडेशन), जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद साहू उपस्थित थे।

### आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों का ड्रॉपआउट रोकने करें समुचित पहल- कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में जिले के आरटीई नोडल प्राचार्यो और प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में जिले में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत बच्चों को दिये जाने वाले प्रवेश और आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियें के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम गरीब एवं असहाय परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में भी नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण कानून है। इसका जिले में समुचित और नियमानुसार पालन किया जाए। निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों का नियमानुसार प्रवेश सुनिश्चित करें। कलेक्टर अग्रवाल ने पिछले पांच वर्षो के दौरान निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों और उनके ड्रॉपआउट के संबंध में जानकारी लेकर बच्चों के ड्राप आउट को रोकने समुचित पहल करने के निर्देश दिये। जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार कानून से वंचित न हो पाये। साथ ही सभी को शिक्षा मिले। उन्होंने आरटीई नोडल प्राचार्यो से इसकी नियमित समीक्षा कर आरटीई अधिनियम का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली।

# जनता की समस्या का त्वरित निराकरण ही हमारा मकसद : विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। जन समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अब अफसरों की जिम्मेदारी तय करने जा रही है। मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति होगी। जो पंद्रह दिन के अंदर आवेदनों का निराकरण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार का स्लोगन विष्णु का सुशासन को चरितार्थ करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।**



आम तौर पर बेहद शांत और सरल माने जाने वाले मुख्यमंत्री साय ने अभी पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था कि सामान्यत: वे बेहद शांत हैं, मगर जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर उन्हें गुस्सा आता है। संभवत: इसी परिप्रेक्ष्य में सीएम साय ने मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल में मिले समस्याओं के त्वरित और उचित निदान के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत नोडल अधिकारी और अपीलीय अधिकारी की नियुक्ति की जानी है। मंत्रालय स्तर पर अवर सचिव नोडल अधिकारी होंगे जबकि उपसचिव अपीलीय अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर अथवा संयुक्त कलेक्टर नोडल अफसर होंगे और अपर संचालक को अपीलीय अधिकारी का दायित्व मिलने जा रहा है। जबकि संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक नोडल अफसर होंगे और अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी होंगे।

साय सरकार ने जनता से मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक और त्वरित गति से निराकरण के लिए अफसरों को केवल पंद्रह दिन का समय देना निर्धारित किया है। संबंधित विभाग अथवा शाखा के द्वारा आवेदनों के संबंध में कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत संबंधित नोडल अधिकारी उसका परीक्षण करेंगे और अंतिम निराकरण की कार्यवाही पर अपनी मुहर लगाएंगे। व्यवस्था यह होगी कि जिन विभागों या जिलों के द्वारा पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का सही तरीके से निराकरण नहीं किया जा रहा हो तो उसकी सूची स्वत: ही पोर्टल पर प्रदर्शित हो जाएगी।

इतना ही नहीं साय सरकार ने आवेदकों को उसके आवेदन के निराकरण की जानकारी तथा निराकरण के बाद फीडबैक एवं अपील करने की सुविधा दिया जाना तय किया है। जिससे आवेदक के प्रकरणों के निराकरण की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। सुशासन का राज स्थापित करने की दिशा में सांय-सांय निर्णय ले रही विष्णु देव की सरकार सभी नियुक्त किये गए नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों के नाम-पदनाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी की जानकारी भी अपने कार्यालय में रखेगी।

आम आदमी की दिक्कतों को तुरंत दूर करना ही हमारी सरकार का मकसद है। मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आए आवेदनों का त्वरित निराकरण जनता के लिए राहत भरा होगा।

इसी लिए मुख्यमंत्री जन चौपाल पोर्टल पर आवेदनों के संबंध में नोडल अफसर नियुक्त होंगे, जो पंद्रह दिन के भीतर आवेदनों का संतुष्टीदायक निराकरण करेंगे। संतुष्टि न होने पर आवेदक अपील भी कर सकेगा। जिसके लिए अपीलीय अधिकारी भी नियुक्त होंगे। अफसरों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

## विपक्षी घमंडिया गठबंधन : जो दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अतिपिछड़ा विरोधी है : जेपी नड्डा

**कुशीनगर( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में जब सही जगह बटन दबता है तो एम्स, मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर टेक्निकल यूनिवर्सिटी मिलता है और गलत जगह बटन दबता है तो अराजकता और अन्याय का राज आता है।उत्तर प्रदेश पहले असुरक्षा, अराजकता और माफियाराज का गढ़ बना हुआ था। जहाँ हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, व्यापारी पलायन कर रहे थे।आज मोदी जी के आशीर्वाद और योगी जी के परिश्रम से गुंडे-माफिया जमीन में दफन कर दिए गए या जेल में बंद हैं और प्रदेश शांति व विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर में %अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ,द्धद्धस्थ्% की स्थापना, कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना अकल्पनीय थी। यह योगी जी के प्रयासों और मोदी जी के आशीर्वाद से संभव हुआ है।श्री नड्डा ने कहा कि आने वाले समय में आपके घर का बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत हर घर की छत पर सौर ऊर्जा लगाई जाएगी। जिससे हर घर को मुफ्त बिजली मिलेगी और जो बिजली बचेगी उसे सरकार खरीदेगी।पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ 2 आवास मिलते थे। जबकि आज पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ आवास का निर्माण किया गया है। अगले पांच साल में 3 करोड़ और नए आवास का निर्माण करवाया जाएगा।



यह बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा।वह शुक्रवार को किसान इण्टर कालेज साखोपार में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के समर्थन में आयोजित जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान, दुनिया का कोई नेता नहीं जानता था कि इससे कैसे लड़ा जाए। अमेरिका, यूरोप, जापान जैसे देश तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है या मानवता जरूरी है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने कड़ा फैसला लिया, लॉकडाउन लगाया और कहा, जान है तो जहान है।मोदी जी ने डेढ़ महीने में देश को कोरोना से लड़ने के लिए सक्षम बनाया और फिर मोदी जी ने कहा जान भी है, जहान भी है।लॉकडाउन हटाया और देश को विकास की राह पर अग्रसर किया।कोरोना के वैक्सीन बनने के समय अखिलेश इसे मोदी टीका कहकर लोगों को गुमराह करता था। जब वैक्सीन तैयार हुई तो सबसे पहले इन्होंने ही वह टीका लगवाया। कोरोना से 140 करोड़ देशवासियों को बचाने का काम मोदी जी ने किया। विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अतिपिछड़ा विरोधी है क्योंकि इनके आरक्षण पर डाका डालकर ये मुस्लिम तुष्टिकरण करना चाहते हैं।हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ फैसला सुनाया है। बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलते हैं भ्रष्टाचार हटाओ,घमंडिया गठबंधन वाले बोलते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।सारे भ्रष्टाचारी एकसाथ हो गये है।

## चुनाव में बाधा नहीं डाल सकते, सुप्रीम कोर्ट ने मतदान का डेटा जारी करने को लेकर निर्देश देने से किया इनकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग को 48 घंटे के भीतर मतदान के आंकड़े जारी करने संबंधी मामले पर सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने इस संबंध में अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया और कहा कि इस चरण में चुनाव में बाधा नहीं डाल सकते। कोर्ट ने कहा कि कल छठे चरण का चुनाव है और हमारा मानना है कि इस संबंध में सुनवाई चुनाव के बाद होनी चाहिए।

पीठ ने मौखिक रूप से कहा, चुनावों के बीच हमें व्यावहारिक रुख अपनाना होगा। आवेदन को मुख्य रिट याचिका के साथ सुना जाए। हम प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकते। हमें प्राधिकार पर थोड़ा भरोसा करना चाहिए। प्रथम दृष्टया हम अंतरिम आवेदन की मांग और रिट याचिका की मांग की समानता को देखते हुए इस स्तर पर अंतरिम आवेदन पर कोई राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। लोकसभा चुनाव मतदान के 48 घंटे के भीतर प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों के आंकड़े वेबसाइट पर डालने की मांग वाली एक याचिका पर बुधवार को सुनवाई थी। अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में कोर्ट से कहा कि इस प्रकार से आंकड़े पूरी तरह से सार्वजनिक करने से चुनावी प्रक्रिया को नुक्सान होगा।

एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर एक आवेदन पर 24 मई को शीर्ष अदालत में सुनवाई से पहले चुनाव आयोग ने एक हलफनामा दायर कर यह दावा किया। इससे पूरे चुनावी प्रक्रिया को नुकसान होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि वेबसाइट पर फॉर्म 17सी (प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों के आंकड़े) डालना उचित नहीं होगा। चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया कि पहले दो चरणों में अंतिम मतदान आंकड़े में 5 से 6 फीसदी की वृद्धि के संबंध में लगाए गए आरोप भ्रामक और निराधार थे।

## जिले में प्रत्येक योजनाओं का किया जाए बेहतर क्रियान्वयन - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि प्रदेश स्तर पर बस्तर क्षेत्र की स्थिति और योजनाओं का क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है इसलिए प्रत्येक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाना जरूरी है। इस हेतु मैदानी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग आवश्यक है। वर्तमान में नियद नेल्लानार योजना लागू होने के बाद बस्तर संभाग के सभी जिलों में योजनाओं का लाभ अंतिम तक पहुंचाने का प्रयास सरकार कर रही है, इसलिए महिला एवं बाल विकास विभाग भी अपने विभागीय योजनाओं से लाभार्थियों- हितग्राहियों को लाभ दें। कलेक्टर श्री विजय शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।

बैठक में विभाग की सामान्य जानकारी और स्थापना के संबंध में चर्चा किया गया। इसके साथ ही विभागीय योजना वजन त्यौहार, पोषण ट्रेकर एप्प अनुसार कुपोषण में कमी, आईसीडीएस, पूरक पोषण आहार, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना,छत्तीसगढ़ महिला कोष,सामाजिक विकास, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र, आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्माण, मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण ईकाई, किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों, बाल विवाह के नियंत्रण की कार्यवाही और सखी वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं पर चर्चा किया गया। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,



सहायिका की नियुक्ति के प्रकरणों पर भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताकी रिक्त पदों हेतु नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद तीन माह में भर्ती प्रक्रिया पुर्ण किया जाना चाहिए था इस कार्य 15 जून तक पूर्ण करवाएं। नया आंगनबाड़ी खोलने हेतु स्वीकृति व भवन की स्थिति का संज्ञान लिया। परियोजना पोषण ट्रेकर एप्प अनुसार परियोजनावार मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाकर पोषण स्तर के मानक तक लाए और हितग्राही का सतत मॉनिटरिंग करें। अभियान चलाकर कुपोषित बच्चों को परिवार के सदस्यों की सहमति पर एनआरसी में भर्ती करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जाए। कुछ जगहों में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या ज्यादा होने के कारण सीडीपीओ और सुपरवाइजर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।आकांक्षी विकासखण्ड तोकापाल में कुपोषण स्तर को आवश्यक कमी लाने के भी निर्देश दिए।

## न ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया : जय शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम का नया कोच कौन होगा, इस सवाल को लेकर क्रिकेट जगत में हलचल तेज है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय बोर्ड या उनकी तरफ से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए संपर्क नहीं किया गया है और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वह गलत हैं।

जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। पुरुष क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है, क्योंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 13 मई को सोशल मीडिया के जरिए भारतीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी समय सीमा 27 मई निर्धारित की गई है। भारत के अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 के लिए होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग,



जिन्होंने आईपीएल 2024 को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में समाप्त किया था। उन्होंने यह कहा था कि हाल ही में उनसे भारत के अगले मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए उनसे संपर्क किया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया था, आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी व्यक्तिगत बातचीत हुई थी, बस मेरी रुचि जानने के लिए कि क्या मैं यह करूंगा। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया। शाह ने कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चैनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं। शाह ने आगे कहा, हमारी नेशनल टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हों। बीसीसीआई सचिव ने यह भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि यह समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य बनने की दौर में पहले से कई बड़े नाम शामिल हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर से जुड़ी खबरों ने इस मुद्दे को और हवा दी थी। कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य बनने को तैयार नहीं हैं, लेकिन अब इस मामले में बीसीसीआई सचिव जय शाह का जो बयान सामने आया है, उसने इन अफवाहों पर लगाम लगा दी है।






















## खास खबर

### छेड़छाड़ के मामले में एचडीएफसी बैंक मैनेजर गिरफ्तार, वीडियो किया था वायरल

**कोरबा।** युवती से छेड़छाड़ के मामले में एचडीएफसी बैंक मैनेजर व उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। मैनेजर और अन्य कर्मचारियों के ऊपर आरोप लगा है कि एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। पूरे मामले की जानकारी पुलिस को होने पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

निहारिका स्थित एचडीएफसी बैंक में एक युवती काम करती थी, युवती का आरोप है कि बैंक में काम करने वाले शनि सिंह, बैंक मैनेजर उमाकांत शर्मा, अमन विश्वकर्मा, छेड़छाड़ करते हैं। प्रताड़ित होने के बाद काम छोड़कर दूसरे बैंक में जॉब के लिए गई जहां वहां पर भी इनके द्वारा वहां के कर्मचारियों को युवती के बारे में गलत आरोप लगया गया और किसी युवक के साथ युवती का फोटो भी वायरल किया गया। जब सारी हदें पार हो गई तब युवती ने पुलिस से इंसाफकी गुहार लगाई। इस मामले में पुलिस में एचडीएफसी निहारिका बैंक के मैनेजर शनि सिह शारदा विहार निवासी, एचडीएफसी दर्री के मैनेजर उमाकांत शर्मा, अमन विश्वकर्मा तुलसी नगर निवासी और इस मामले में एक युवती मुम्बई निवसी सुजाता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जहां तीन आरोपियों के खिलाफकार्यवाही करते हुए जेल दाखिल किया गया वहीं सुजाता को पुलिस मुंबई से गिरफ्तारी करने की बात कह रही है।

### रायपुर में युवक की हत्या कर लाश नाले में फेंकी सिर और चेहरे में चोट के निशान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक युवक की हत्या हो गई है। बताया जा रहा है कि हत्यारे ने युवक को मारकर उसकी लाश नाले में फेंक दी। लाश के सिर और चेहरे में चोट के निशान मिले हैं। ये पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक चंगोराभाठा निवासी कल्याण(45) नाम का व्यक्ति है। वो आमानाका इलाके के ट्रक गैरेज में गार्ड का काम करता था। शुक्रवार को व्यक्ति की लाश ट्रक गैरेज से कुछ ही दूरी पर नाले में तैरते दिखी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को बाहर निकाला है। बताया जा रहा है कि लाश के सिर और कान में चोट के निशान है। आशंका है कि किसी ने किसी भारी सामान से उस पर वार किया है। जिससे उसकी मौत हो गई। फिर उसे नाले में फेंक दिया गया। फिलहाल आसपास के लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके अलावा ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

### दुर्ग में ऑटो से सामान चोरी कर बदमाशों ने लगा दी आग

**दुर्ग।** जिले में अज्ञात आरोपियों ने पहले घर के बाहर खड़े ऑटो से सामान चुराया और फिर उसमें आग लगा दी। पड़ोसी ने जब इसकी जानकारी ऑटो मालिक को दी तो उसने बड़ी मुश्किल से आग बुझाई। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांधी नगर डिपरापारा निवासी जब्बार अली ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह दीपक नगर दुर्ग निवासी राजकुमार पाली से सवारी ऑटो किराए से लेकर चलाता है। 20 मई की रात 11.30 बजे उसने रोज की तरह ऑटो अपने घर के पास खड़ा किया था। अगले दिन सुबह चार बजे उसके पड़ोस में रहने वाली महिला मुबारक बेगम ने उसके घर का दरवाजा खटखटाकर बुलाया। उसने बताया कि उसके ऑटो में आग लगी है। जब्बार तुरंत आटो की तरफभागा और देखा तो आटो की सीट व अन्य भाग में आग लगी थी। उसने देखा कि आटो से बैटरी, स्टेपनी और डिस्क आदि गायब था।

# मंत्री यादव हत्याकांड: पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम, तीन आरोपी गिरफ्तार

## हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे व उसका एक और आरोपी भतीजा फरार, तलाश में पुलिस की टीमें

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। बस स्टैंड के पार्किंग ठेकेदार मंत्री यादव की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे के भतीजे सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस को अजस दुबे व उसके एक और भतीजे की तलाश है। गिरफ्तार आरोपियों अक्षत दुबे, शुभम शर्मा व वंश राजपूत के खिलाफधारा 302, 120बी, 341, 34 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।



बता दें 21 मई को सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस को सूचना मिली की नाका चौक गंजपारा में अक्षत दुबे, अभिषेक दुबे उर्फचंदु दुबे, शुभम शर्मा व वंश राजपूत ने पचरीपारा निवासी श्रीराम यादव उर्फ मंत्री यादव को धारदार हथियार से मारकर फरार हो गए। मंत्री यादव अपने एक साथी के साथ शराब लेकर नदी की ओर जा रहा था। इस दौरान मौके की ताक में बैठे इन चारों ने हमला कर दिया। घायल मंत्री यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने एसीसीयू के निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय व थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी के लिए लगाया।

पुलिस ने पतासाजी के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में टीम भेजकर अक्षत दुबे उर्फ मान्य पिता विजयशंकर दुबे उम्र 23 साल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग, शुभम शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा उम्र 25 साल निवासी आदित्य नगर दुर्ग तथा वंश राजपूत पिता सतीश राजपूत उम्र 19 साल निवासी गयानगर दुर्ग को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में इन सभी ने मिलकर मंत्री यादव की हत्या की बात मानी है।

### शराब दुकान के पास मिला मंत्री यादव

अक्षत दुबे ने देखा कि शराब भट्ठी के पास मंत्री यादव अपने साथी के साथ खड़ा हुआ है। अक्षत दुबे व उसके साथी रेकी करते हुए गंज चौक के पास गाड़ी रोकी और मंत्री यादव व उसके अन्य साथी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होता देखकर मंत्री यादव का साथी बलराम यादव वहा से भाग गया। इसके बाद चंदु दुबे, अक्षत दुबे और शुभम व अन्य मिलकर चाकू व कड़ा से मंत्री यादव की जाघं, कुले, सीना और पीट में वार कर दिया। इसके बाद सभी वहां से भाग गए। इधर मंत्री यादव को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके पास से घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल, 2 धारदार चाकू एवं घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए हैं। इस मामले में अमिताभ दुबे उर्फचंदू एवं संदेही अजय दुबे फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### अजय दुबे से था मृतक का विवाद

पुलिस पूछताछ में आरोपी अक्षत दुबे ने बताया कि कुछ माह पहले मंत्री यादव ने उसके चाचा अजय दुबे के साथ मारपीट की थी। इस बात को लेकर अजय दुबे ने अपने भतीजों को बताया था की मंत्री यादव को छोडना नहीं है, मौका देखकर निपटना है। अजय दुबे व उसके भतीजे अक्षत दुबे व चंदु दुबे हमेशा ताक में रहते थे मंत्री यादव को कैसे भी निपटना है। इस बीच घटना दिनांक को आरोपी अक्षत दुबे अपने अन्य साथियों अमिताभ दुबे उर्फचंदु, शुभम शर्मा, वंश राजपूत के साथ गंजपारा में घूम रहा था।

## सुपेला पुलिस की गिरफ्त में आया छेडछाड़ का आरोपी घर में घुसकर की थी बदसलूकी, 40 दिन से था फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने छेड़छाड़ के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 40 दिन से फरारी काट रहा था जिसे सुपेला बस स्टैंड के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की थी। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया।



सुपेला पुलिस ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला की रहने वाली प्रार्थिया ने 16 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई। पीडिता ने बताया कि अपने सहेली के साथ घर के पास दुकान गई थी जहां पर जीवन, भूंजि एवं गणेश छेड़खानी करने लगे। पीडिता अपनी सहेली के साथ डर कर घर वापस आई तो तीनों घर में घुसकर बदसलुकी करने लगे। प्रार्थिया जोर-जोर से चिल्लाने लगी तब तीनो व्यक्ति घर से भाग गये। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में छेडछाड़ का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सुपेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण के आरोपी जीवन लाल एवं गणेश को दूसरे दिन 17 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा दिया। वहीं अन्य आरोपी उत्तम सोनी उर्फ भूंजी की तलाश लगातार की जा रही थी। इस दौरान आरोपी उत्तम सोनी उर्फ भूंजी का सुपेला बस स्टैण्ड आने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी उत्तम सोनी उर्फ भूंजी को पकड़ा गया। आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी कई अपराध दर्ज है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक मनीष बाजपेयी, एएसआई दिनेश सिंह राजेश सिंह, आरक्षक जुनेद सिद्धीकी, सुरेन्द्र गिरी, लोकेश परिहार, बसंत मढरिया, रमेश यादव का विशेष योगदान रहा।

## मेले में व्यापार करने आए तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत, रात में खाना खाकर सोए, अचानक बिगड़ी तबियत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ के कोरबा आए व्यापारियों में से तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उन्होंने कोरबा में चल रहे डिज्नीलैंड मेले में दुकान लगाई हुई थी। वे रात में खाना खाकर सोए थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने खुद भोजन तैयार किया था, जिसके बाद वे सो गए। आधी रात को उन्हें उल्टी और दस्त होने लगे। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीन लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, 12 वर्षीय सोहेल खान 28 वर्षी अनिल कुमार पांडे और 21 वर्षीय समीर खान की मौत हो गई। मौत का कारण फूड प्वाइजनिंग को बताया जा रहा है। सहकर्मी रियाज खान ने बताया कि रात लगभग 12 बजे मेला खत्म होने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में खाना खाने चले गए। सुबह उठने पर जानकारी मिली कि 28 वर्षीय अनिल कुमार पांडे, 21 वर्षीय समीर खान और 12 वर्षीय सोहेल खान की तबीयत बिगड़ गई है अचानक पेट दर्द और उल्टी से परेशान हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर गुणेश्वर कंवर ने बताया कि सुबह के वक्त तीनों मरीजों को लाया गया। जहां दो की हालत बेहद गंभीर थी, दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं तीसरे को कुछ समय बाद लेकर पहुंचे जिसकी मौत पहले से हो चुकी थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि फूड पॉइजनिंग के चलते तीनों की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो सकेगा।

## अवैध उर्वरक का परिवहन, जिला प्रशासन ने जब्त किया 600 बोरी

■ कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जगदलपुर में खरीफ फसल का सीजन शुरु होने से पहले ही जिले में अवैध उर्वरक का परिवहन शुरू हो गया है। इस पर नियंत्रण करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के भण्डारण और वितरण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सक्रियता बरती जा रही है।



इसी कड़ी में बीते 21 मई को विकासखण्ड दरभा के ग्राम केशापुर में मुजफ्फर नगर उत्तरप्रदेश से लगभग 600 बोरी डीएपी लेकर किसानों को विक्रय करने के लिए ट्रक पहुंचा था। जिस पर कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के द्वारा तत्परता से इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल सह उर्वरक निरीक्षक योगेश कुमार नाग, सहायक संचालक कृषि लखनघर दीवान एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी जगदलपुर तरुण प्रधान द्वारा मौके पर पहुंच कर संबंधित ट्रक चालक से 600 बोरी डीएपी के वैध दस्तावेज मांगे जाने पर ट्रक चालक के द्वारा दस्तावेज नहीं होना बताया गया।

जिससे संदेह होने पर 600 बोरी डीएपी को जब्त कर पुलिस चौकी कामानार के अभिरक्षा में रखकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उक्त जब्त उर्वरक डीएपी का सैम्पल गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है।

उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने इस बारे में बताया कि जिले में बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक के अवैध भण्डारण एवं परिवहन सहित शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय के प्रकरण पर विभाग द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसानों से अपील है कि बीज-उर्वरक एवं कीटनाशक से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के संबंध में अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड के कृषि कार्यालय, उपसंचालक कृषि कार्यालय अथवा जिले के बीज-उर्वरक गुण नियंत्रण कक्ष को सूचना दें ताकि विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## रायपुर में कचरा गाड़ी की हाइड्रोलिक में फंसा कर्मी का सिर, मौके पर मौत




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में कचरा कलेक्शन के दौरान निगम कर्मी का सिर हाइड्रोलिक में बुरी तरह से फंस गया। जब तक उसे बाहर निकालत उसकी मौत हो गई। हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के तरुण नगर इलाके गुरुवार की दोपहर मिथिलेश निषाद और एक अन्य ड्राइवर कचरा कलेक्शन के लिए निकले थे। इस दौरान गाड़ी के पीछे का हिस्सा ऊपर उठा हुआ था। पीछे निगम कर्मी मिथिलेश निषाद घरों से कचरा कलेक्शन कर रहा था। गाड़ी के पास पहुंचा तो ड्राइवर ने लीवर दबा दिया जिससे पीछे का हिस्सा तेजी से नीचे गिरा और उसमें मिथलेश का सिर फंस गया। मिथलेश जोर से चिल्लाया तो ड्रायवर व आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचन पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## नक्सल ऑपरेशन: 72 घंटे तक चली मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर, चार गिरफ्तार

■ भारी मात्रा में हथियार बरामद, सुरक्षाबलों ने आईईडी भी किया डिफ्यूज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जगदलपुर में रेकावाया के जंगल में माड़ डिवीजन और पूर्वी बस्तर डिवीजन के के तहत इंद्रावती एरिया कमेटी के डीवीसीएम दीपक, कमलाकर, सपना उर्फसपनक्का, प्लाटून नंबर 16 का कमांडर मल्लेश के साथ 50-60 सशस्त्र नक्सलियों की सूचना पर ऑपरेशन जलशक्ति के अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी, बस्तर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर तथा एसटीएफ़के सुरक्षाबलो का संयुक्त ऑपरेशन भेजा गया। जहाँ 72 घंटों तक चले ऑपरेशन में पुलिस ने आठ नक्सलियों को मार गिराया। वहीं वापसी के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी को डिफ्यूज करने के साथ ही कुछ नक्सलियों को पकड़ा भी गया।




मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया की जिला दंतेवाड़ा-बीजापुर- नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र हांदावाड़ा रेकावाया के बीच पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।

### मुठभेड़ में कई नक्सली हुए घायल

इस मुठभेड़ में कई नक्सली घायल भी हुए हैं जिन्हे उनके साथी नक्सली घने जंगल और पहाड़ों का फायदा उठाकर ले जाने में सफल हुए। 24 मई को पुलिस टीम जब वापस आ रही थी तभी जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने 15 किलो का आईईडी भी लगाया था, जिसे जवानों के द्वारा नष्ट किया गया।पुलिस फोर्स के सर्चिंग से लौटते समय चार नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही फोर्स ने आईडी डिफ्यूज किया। भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। आज मुठभेड़ में कोई नक्सली मारे नहीं गए हैं, कल जो मुठभेड़ हुई थी उसमें आठ नक्सली मारे गए थे।

23 मई के सुबह 11 बजे से 24 मई के सुबह 9 बजे तक लगभग 7-8 बार रुक रुककर दोनों ओर से फायरिंग चलती रही, घटना के बाद पुलिस ने इलाके की सर्चिंग में 8 वर्दीधारी नक्सलियों के शवों के भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। ग्राम रेकावाया के जंगल में नक्सलियों के द्वारा बनाये गए अस्थाई ट्रेनिंग कैम्प को भी ध्वस्त किया गया। 23 मई की सुबह 11 बजे गश्त के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू की जवानों ने भी मुस्तैदी से मोर्चा सम्भाला और आठ माओवादियों को ढेर कर दिया।



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# दुर्ग के गंगोत्री अस्पताल को सीएचएमओ का नोटिस रेफर मरीजों को भर्ती कर ज्यादा वसूली का है मामला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग शहर के ओम परिसर में सचांलित गंगोत्री अस्पताल को जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया है। गंगोत्री अस्पताल प्रबंधन को यह नोटिस जिला अस्पताल से रेफर किए गए मरीजों को अपने अस्पताल में भर्ती करने और इलाज के नाम पर भारी भरकम बिल बनाने के नाम पर दिया गया है। नोटिस भेजकर अस्पताल प्रबंधन से 3 दिन के भीतर जवाब भी मांगा गया है।**




दरअसल कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायत मिली थी कि जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों को रेफर किए जाने पर उसे गंगोत्री अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। निजी एंबुलेंस चालक कमीशन के लालच में रेफर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थान में ले जाने के बजाए गंगोत्री अस्पताल ले जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे कई मामले सामने आ गए। अस्पताल के खिलाफ पूर्व में कई शिकायतें मिली और अब कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया।

नोटिस में यह भी कहा गया कि गंगोत्री अस्पताल के निरीक्षण में पाया गया कि यहां कोई भी एमबीबीएस चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। उच्च चिकित्सा संस्थान के लिये रेफर मरीज को अपने निजी चिकित्सालय में भर्ती करने तथा आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क उपचार प्रदाय नहीं किये जाने के संबंध मे तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। सीएमएचओ द्वारा कहा गया कि संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होने की स्थिति मे आपके विरूद्ध नियमान्मार कार्रवाई की जाएगी। संस्था को चिकित्सा सेवा की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### जानिए नोटिस में क्या है?

गंगोत्री अस्पताल को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि कार्यालय में मो. रजा खान द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत के अनुसार मरीज तौकीर आलम को 16 मई 2024 को जिला चिकित्सालय दुर्ग मे उपचार के लिये भर्ती किया गया था। स्थिति गम्भीर होने के कारण जिला चिकित्सालय द्वारा उन्हे उच्च चिकित्सा संस्था या मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया गया था। लेकिन उसे गंगोत्री अस्पताल में भर्ती किया गया। नोटिस में यह भी कहा गया कि गंगोत्री अस्पताल उच्च चिकित्सा संस्थान की श्रेणी में नहीं आता इसके बाद भी जिला चिकित्सालय से उच्च चिकित्सा संस्थान के लिये रेफर मरीज को गंगोत्री अस्पताल में भर्ती कर उसके जान से खिलवाड करने का प्रयास है। यही नहीं गंगोत्री अस्पताल में आयुष्मान योजना से चिकित्सा सुविधा भी नहीं दी जाती जिसकी पूर्व में भी शिकायतें मिली जिसे लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

### पूर्व में दिए नोटिस का नहीं मिला जवाब

इस मामले में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जेपी मेश्राम का कहना है कि गंगोत्री अस्पताल को पूर्व में भी नोटिस जारी किया गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दोबारा नोटिस दिया गया है। तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खास - खबर

### मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए विभिन्न स्थानों पर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में नगरवासियों को मच्छरों से राहत दिलवाने मच्छरो पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान का कार्य विभिन्न वार्डो एवं जोनों में स्वास्थ्य विभाग एवं जोनों के स्वास्थ्य अमले द्वारा प्रतिदिन निरन्तर जारी है। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्तगणों, स्वास्थ्य अधिकारी, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों , कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान का सतत निरीक्षण राजधानी शहर में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन नम्बर 6 के तहत मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड नम्बर 59 में शिव नगर, ताज नगर बस्ती क्षेत्र में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु विभिन्न स्थानों पर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया. नगर निगम जोन नम्बर 6 के चंद्रशेखर आजाद वार्ड नम्बर 60 के क्षेत्र में सिमरन सिटी बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी परिसर के क्षेत्र के भिन्न स्थानों सहित नगर के भिन्न वार्डों के तहत विभिन्न बस्तियों, मार्गो, स्थानों में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा अभियान चलाया गया ।

### कोलकाता हाईकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : विधायक गजेन्द्र यादव

**दुर्ग।** धर्म आधारित आरक्षण पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। यह धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने वालों, तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा है। यह कहना है दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव का। एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार संविधान की हत्या की साज़िश कर रही है। हम सभी जानते हैं कि धर्म आधारित आरक्षण का भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है। कलकत्ता उच्च न्यायालय का इससे संबंधित एक फैसला आया है जिसमें कोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी धर्म आधारित ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है। यह देश के ओबीसी, आदिवासी और तमाम पिछड़े समाजों के लिए बड़ा फ़ैसला है। श्री यादव ने कहा कि ये फैसले बताते हैं कि ममता बनर्जी की सरकार गैर-संवैधानिक तरीके से, तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ा रही थी। इंडी गठबंधन केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण लगातार आदिवासियों, पिछड़ों के हक़ पर डाका डाल रही है, उनका अधिकार छीन कर मुसलमानों को देना चाहती है, इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वे इस निर्णय को नहीं मानेंगी, और नहीं लागू करेंगी। यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी भी लगातार यह स्पष्ट कर रहे हैं कि धर्म आधारित किसी आरक्षण का भारत के संविधान में कोई स्थान नहीं है।

### निगम ने रायपुरा में निर्माणाधीन भवन में बिना अनुमति किया गया सीढी निर्माण हटवाया

**रायपुर ।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 8 नगर निवेष विभाग ने जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देष पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता अक्षय भारद्वाज, सुश्री रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में जनषिकायत मिलने पर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने जोन के तहत माघव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्थान पर निर्माणाधीन भवन में भवन स्वामी द्वारा निगम नगर निवेष विभाग की बिना अनुमति सीढी का अतिरिक्त निर्माण कार्य किये जाने की जनषिकायत सही मिली । इस पर जोन कमिष्नर के निर्देष पर नगर निवेष विभाग की टीम ने थ्रीडी की सहायता से सीढी का बिना अनुमति किया गया।

# आयुक्त के निर्देश के बाद निगम ने हटाए नालियों से कब्जे, बारिश पूर्व सफाई में जुटा अमला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बारिश पूर्व नालियों को सफाई को लेकर भिलाई निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। एक दिन पहले आयुक्त देवेश ध्रुव ने इसे लेकर विशेष दिशा निर्देश जारी किए थे। इसी कड़ी में अब भिलाई में निगम अमला नालियों की सफाई में जुट गया है। निचली बस्तियों में जलभराव न हो इसके लिए वृहद स्तर पर नालियों की सफाई की जा रही है। निगम अमला नालियों पर कब्जों को हटाकर सफाई कार्य में जुटा हुआ है।



बारिश के समय किसी भी तरह से कहीं पर भी निचली बस्तियों में जल जमाव न हो और इसके लिए निगम ने मानसून की आने की संभावना समय पर होने के कारण युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जोन कमिश्नर ईशा लहरे अपने दल के साथ वार्ड क्रमांक 23 एवं 25 में हुए नाली के ऊपर अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंची। नालियों के ऊपर स्लैब बनाकर लोग पार्किंग का उपयोग कर रहे थे पहले भी इन्हें हटाने का निर्देश दिया गया था लेकिन लोग नहीं माने यह बात अच्छी रही की स्थानी निवासी भी नालियों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वाने में सहयोग करने लगे जिनके घरों में अवैध निर्माण किया गया था। उसे शुक्रवार को जेसीबी से तोड़ दिया गया।

निगम कमिश्नर ईशा लहरे ने बताया कि बरसात के समय बुद्ध विहार के पास लगभग 50 घरों में पानी भर जाता था। सूर्यकुंड के पास 10 लोग ऐसे मिले जो अपने सामने सरकारी पक्के नाली पर स्लैब बना लिए थे। जिससे सफाई नहीं हो पा रही थी कचरा वहां जाम हो जा रहा था। इसलिए पक्का निर्माण को तोड़ा गया जिससे समुचित सफाई हो पाए।

बुद्ध विहार एवं सूर्य कुंड तालाब के आसपास रहने वाले लगभग 100 परिवार को आने वाली बारिश के दिनों में जल भराव से निजात मिल सके। आयुक्त देवेश ध्रुव ने लोगों से अपील की सब लोग सहयोग करें स्वयं हटा लेंगे तो ठीक है नहीं तो चालानी कार्रवाई होगी। निगम द्वारा हटाने पर जो खर्च आएगा अवैध कब्जा कब्जाधारी से लिया जाएगा . इस कार्रवाई दौरान के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित थे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 144वीं तिमाही समीक्षा (ई) बैठक, 24 मई 2024 को मुख्य महाप्रबंधक (लर्निंग एण्ड डेवलपमेंट एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता), सुश्री निशा सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यपालक निदेशकगण तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुखगण, सदस्य के रूप में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। अपने सहकर्मियों के साथ हिंदी में वार्तालाप करना, कार्य को समझने में सहायता करने के साथ ही साथ उन्हें अपनेपन की अनुभूति देता है। अत: हम सबका अधिक से अधिक प्रयास होना चाहिए कि हम हिंदी में ही समस्त कार्य करें और विशेषकर जब लिखने की बारी आए तो हिंदी में ही लिखें। उन्होंने कहा कि हमारा संयंत्र हिंदी में कामकाज करने के लिए अधिसूचित संस्थान है। 100 प्रतिशत कामकाज हिंदी में करने के लिए निर्देशित किया गया है।

वर्तमान समय में कंप्यूटर पर यूनिकोड गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग के द्वारा आसानी से हिंदी में टाइप करने की सुविधा है। राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न विभागों में आयोजित होने वाली प्रत्येक कार्यशाला में गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन करके प्रशिक्षण दिया जाता है।

# कुर्की वारंट तामील कराकर संपत्ति कर 148000 की वसूली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में ऐसे संपत्ति करदाता जो मार्च अप्रैल में संपत्ति कर जमा नहीं किए थे उन्हें नगर निगम अधिनियम 1956 के धारा 174 के तहत नोटिस तामील कराई गई गई थी इसमें से कुछ व्यापारियों द्वारा संपत्ति कर की राशि जमा कर दी गई थी परंतु कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे थे।**

उन व्यापारियों के विरुद्ध आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा धारा 175 के तहत वारंट शक्ति पत्र जारी किया गया इसके लिए सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को कुर्की दल का अधिकारी नियुक्त किया गया था उनके द्वारा आज मदर टैरेसा नगर 5श्ठ्ठ क्रमांक 3 के राजस्व के आमला को लेकर के हैं।

पावर हाउस सर्कुलर मार्केट जाकर बकाया दारो से संपर्क किया गया नोटिस तामील की सूची दिखाई गई इसके बाद आज कुर्की दल द्वारा संपत्तिकर की वसूली की गई कुल चार व्यवसाईयों से संपत्ति कर की राशि 148000 वसूली किया गया . यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी इसमें व्यापारी संघ भी सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया है नगर निगम भिलाई सभी संपत्तिकर बकाया दारो से अपील करती है कि अपने दायित्वों का संपत्ति कर जमा कर देवे अन्यथा वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसमस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर जनसमस्याओं की हकीकत से वाकिफहोकर इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। एक ओर किसानों को आवश्यकता के मुताबिक वाजिब दाम पर कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं पेयजल की समस्या से निपटने के उपाय भी किये जा रहे हैं।**



मिली जानकारी अनुसार आज जनपद पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे द्वारा समिति प्रबंधकों और कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर खाद-बीज के भंडारण, उठाव की समितिवार समीक्षा की गई। खाद बीज के कालाबाजारी रोकने, नकली खाद निर्माण के विरुद्ध लगातार जांच कर राजस्व एवं कृषि विभाग संयुक्त कार्यवाही करने तथा किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने सतत् मॉनिटरिंग करने कहा गया है। इसके अलावा आधार सीडिंग करने, गिरदावरी की शुद्धतापूर्ण कार्यवाही करने सहित अन्य विषयों पर भी निर्देश दिए गए।

एसडीएम पाटन दीपक निकुंज द्वारा सहकारी समिति तेलीगुंडरा तथा कृषि बीज और खाद खरीदी केंद्र पाटन का निरीक्षण किया गया। कुम्हारी के नर्मदा कृषि केंद्र एवं कान्हा कृषि केंद्र कुम्हारी में उर्वरक विक्रेता के लाइसेंस एवं गोदाम में उपलब्ध उर्वरक का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुकानदारों को सही रेट पर किसानों को खाद एवं उर्वरक बेचने और स्टॉक पंजी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एसडीएम भिलाई-3 श्री महेश राजपूत द्वारा ग्राम पंचायत मेड़ेसरा में वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में कुछ परिवारों को पेयजल की समस्या के संबंध में मौका निरीक्षण किया गया। प्रभावित परिवारों के घरों में नल कनेक्शन लगा हुआ है, परंतु टंकी से दूरी बहुत अधिक होने के कारण और साथ ही अधिकांश घरों में नल कनेक्शन में टुल्लू पंप का उपयोग किए जाने के कारण अंतिम छोर वाले घरों में पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। सरपंच एवं सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि तत्काल ही उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निजी ट्यूबवेल से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव सरपंच को जिन घरों में टुल्लू पंप का उपयोग किया जा रहे हैं, उन्हें कड़ी चेतावनी देने और उसके बाद भी यदि उनके द्वारा उपयोग जारी रखा जाता है, तो राजस्व, पुलिस और पंचायत की टीम बनाकर जप्ती करने का निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टंकी का निर्माण जारी है। गांव में कुल 815 परिवार है, जिसमें से 375 परिवारों को पुरानी योजना के तहत जलापूर्ति किया जा रहा है। 558 परिवारों को जल जीवन मिशन में शामिल किया गया है। ग्राम में 4523 मीटर पाइप लाइन बिछाया जाना है।

जिसमें से 1000 मीटर पाइप लाइन बिछाया जा चुका है। पीएचई विभाग के सब इंजीनियर को जल जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। एसडीएम दुर्ग रावटे व डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव द्वारा ग्राम चंदखुरी में मल्टी विलेज प्रोग्राम के तहत नदी किनारे बनाए जा रहे पानी टंकी निर्माण एवं जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया गया।

# अब स्वास्थ्य सेवा भी करेगी बैतुल माल, जल्द शुरू होगा कलेक्शन सेंटर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई में समुदाय की आर्थिक व सामाजिक स्थित सुधारने विगत 4 दशक से सक्रिय बैतुलमाल वेलफेयर सोसाइटी का सालाना ईद मिलन कार्यक्रम सेक्टर 6 के मुस्लिम कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए 11 जरूरतमंद लोगों को हाथ ठेला तथा 15 प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ए आर सिद्दीकी थे और अध्यक्षता शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. एसए रिज़वी ने की। शुरुआत हाफ़िज़ मंजर हसन की तिलावत-ए- कुरान से हुई। बैतुलमाल कमेटी भिलाई के सदर हाजी हमीदुल्लाह सिद्दीकी ने कमेटी के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी पिछले 32 सालों से गरीब, अनाथ, बेसहारा, विधवा और जरूरतमंदों की मदद करने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी मदद करती आ रही है। उन्होंने बताया कि कमेटी ने अब तक 1548 युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में मदद पहुंचाई है। इस वर्ष 254 स्कूली व तकनीकी छात्र-छात्राओं को फीस की मदद देने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष सर्व समाज के लिए पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर शुरू किए जाने की भी घोषणा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर आर ए सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में बैतुलमाल कमेटी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत बताया। वहीं डॉक्टर एस ए रिजवी ने भी कमेटी को आगे ऐसे ही काम करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में मौजूद विशेष अतिथि डॉक्टर एस जे रिजवी ने महिलाओं को समूह में रोजगार हेतु ट्रेनिंग और मार्गदर्शन की बात कही। विशेष अतिथि ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर एस एम इकबाल ने भी पैथोलॉजी लैब कलेक्शन सेंटर खोले जाने की बात पर खुशी जाहिर करते हुए हर संभव मदद की बात कही । प्रोग्राम निदेशक अलीम सिद्दीकी ने संस्था की पूरी कार्य शैली बताई, विशेष अतिथियों में नदीम खान जी एम भिलाई स्टील प्लांट,जमील अहमद अध्यक्ष भिलाई मस्जिद ट्रस्ट और जाहिद अली, वरिष्ठ अधिकारी बीएसपी रहे। महासचिव अरमान बेग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया गया और मंच संचालन अब्दुल जाकिर खान ने किया।

इस दौरान संस्था के मुख्य स्तंभ हाजी अब्दुल हफीज़, उपाध्यक्ष आसिम बेग,सैय्यद आतिफ़ एम आई खान,सैयद हुसैन, हाजी आबिद अली, जाहिद इमरान, फज़ल हक,अशरफ उल्लाह खान,हाजी शाहिद खान, हाजी इमरान बेग हाजी मुमताज अली, मुख्तार शेख, शमशुल हुदा, मो मेराज, मो शकील आदि लोग उपस्थित थे।

# इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह अप्रैल-2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया।

शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं और बीएसपी व हमारी सोसाइटी के प्रति इनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इन सेवानिवृत्त कर्मियों में इंस्ट्रूमेंटेशन से अनिल कुमार गुप्ता,वाटर मैनेजमेंट से बेचनलाल,दुर्गाशंकर, निर्मल,राधेलाल,एचआरडीसी से श्यामकांत मराठे,ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से लक्ष्मण, सुमन कुमार,सुकृत दास,विजय कुमार, रिफ्रैक्टरीज इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से वी सत्यनारायण,ब्लास्ट फर्नेस से मनबोध,किरण कुमार,पुनाराम पटेल, शुभोजित बोस,एसके दीवान, पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग विभाग से सुरेश कुमार गौर,ए प्रसाद, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से किरण कुमार,स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से संजय कुमार मेश्राम,केएल पटेल, प्रधानलाल,प्लेट मिल से बी ठाकुर, लक्ष्मीकांत तिवारी,मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप (मार्स)से गुलाब राव,राजेंद्र कुमार पांडेय,फ ायर ब्रिगेड से राजेश कुमार अरमारकर, मेडिकल से राजकुमार,वीके शर्मा, स्टील स्ट्रक्चरल शॉप्स से उमाशंकर राय,सिंटर प्लांट-3 से किशोर कुमार मराठे,मुश्ताक अली,दशरथ लाल, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से जगदीश, एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट से दयाराम और पावर सिस्टम से पीएस वर्मा शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950